दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। रविवार 05 अक्टूबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 286 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







## दिल्ली में सिर्फ जरूरतमंदों को ही मिलेगी आर्थिक सहायता

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में अब उन जरूरतमंदों को ही आर्थिक सहायता मिलेगी, जो वाकई में उसके हकदार हैं। सूबे की रेखा सरकार ने इसके लिए एक प्रभावी और विशेष निर्णय लिया है। सरकार ने विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता पाने वाले लाभार्थियों के वार्षिक सत्यापन को मंजूरी दी है। इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में करीब 6 लाख लाभार्थियों को दी जा रही सामाजिक कल्याण योजनाओं की आर्थिक सहायता में पारदर्शिता और दक्षता को और मजबूत करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सरकारी सहायता वास्तविक और पात्र व्यक्तियों तक ही पहुंचे। दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने पिछले दिनों इसे मंजूरी प्रदान की थी। इसकी जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि समाज कल्याण की विभिन्न योजनाओं के तहत लाखों जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता दी जा रही है।


दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला

## मुलाकात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी और इस मुलाकात में सांसद अतुल गर्ग ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र के विकास से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की।

# गाजियाबाद में दर्दनाक सड़क हादसा

## तेज रफ्तार कार ने चार लोगों को रौंदा, तीन की मौत, एक गंभीर

### सड़क हादसे का वीडियो हो रहा है सोशल मीडिया पर वायरल



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** शनिवार को थाना सिहानी गेट क्षेत्र के राकेश मार्ग जीटी रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कार को एक ठेकेदार चल रहा था,जो नाइट ड्यूटी करके लौटा था। दिल दहला देने वाले इस सड़क हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस के मुताबिक, सुबह लगभग 5:45 बजे थाना सिहानी गेट पर पीआरवी और स्थानीय नागरिकों से सूचना मिली कि राकेश मार्ग जीटी रोड पर एक तेज रफ़्तार कार ने सड़क पार कर रहे चार पैदल चल रहे लोगों को जोरदार टक्कर मार दी है। हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान इस प्रकार है : विपिन शर्मा, पुत्र किशन पाल शर्मा, निवासी श्याम विहार कॉलोनी (घायल); कमलेश, पत्नी दयानंद, निवासी न्यू कोटगांव (मृत); मीनू प्रजापति, पत्नी भक्त सिंह प्रजापति, निवासी न्यू कोटगांव (मृत); सावित्री देवी, पत्नी दरियाब सिंह, निवासी न्यू कोटगांव (मृत)।

### सुबह सुबह हुए हादसे में सहमे लोग

करंट क्राइम : सूचना मिलने पर पुलिस और पीआरवी टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने मीनू प्रजापति और सावित्री देवी को मृत घोषित कर दिया, जबकि कमलेश देवी की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। विपिन शर्मा का इलाज फिलहाल अस्पताल में जारी है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया, हालांकि उसकी कार को कब्जे में ले लिया गया है। परिजनों से मिली लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### राकेश मार्ग हादसे में तीन महिलाओं की मौत, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम



करंट क्राइम। थाना सिहानी गेट क्षेत्र के राकेश मार्ग पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आक्रोश में आकर सड़क पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे जा रहीं महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है। सूचना पर सिहानी गेट थाना पुलिस और ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन गुस्साए लोगों ने शवों को सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इस मार्ग पर लगातार तेज रफ्तार वाहन चलते हैं और कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होती। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाने का प्रयास किया और जल्द ही आरोपी चालक की गिरफ्तारी तथा मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। देर रात तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आरोपी पर होगी कार्रवाई : एसीपी नंदग्राम



करंट क्राइम : मृतकों के पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है और पोस्टमार्टम के लिए शवों को भेजा गया है। मौके पर कानून व्यवस्था बनी हुई है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। वाहन को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रचलित है।

## दिखाई दी फिर से जनरल वीके सिंह के राजनगर वाले आवास पर भाजपाई बहार

### कई नए चेहरों के भी हुए इस बार उनके आवास पर दीदार





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनीति में निष्ठाएं स्थान बदलती रहती हैं और राजनीति में आस्था भी अपना वास्ता कहीं भी जोड़ लेती है। भगवागढ़ की राजनीति में बहुत कुछ घटित हुआ है और अब सीन ये चल रहा है कि जो लोग दूसरे खेमों में गये थे वो वापस लौटने लगे है। जो लौट गये थे वो अभी विचार मंथन कर रहे है। राजनीति में क्या हुआ है इसकी एक झलक शनिवार को राजनगर में गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद, पूर्व केन्द्रीय मंत्री तथा वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के आवास के बाहर लोगों की भीड़ के रूप में दिखाई दी। दूर तक भाजपाईयों की कारें मौजूद थीं। शनिवार को जनरल वीके सिंह आये तो कार्यकर्ता यहां दिखाई दिये। एक दौर था जब बहुत कुछ बदला था। साहब के जाने के बाद कई लोग बदले और बदलाव के बाद फिर से बदलाव शनिवार को दिखाई दिया। जनरल वीके सिंह आये और इस बार यहां वो लोग भी दिखाई दिये जो अक्सर पहले नहीं दिखाई देते थे। ये मिलने वालों का ही सिलसिला था कि जनरल वीके सिंह मिलने के लिए तीन घंटे का समय निर्धारित करके आये थे और फिर इस समय को बढ़ाकर साढे चार घंटे तक किया गया। लोग आते रहे मुलाकात होती रही। सबसे बड़ी बात ये थी कि शनिवार को कुछ नए चेहरे भी दिखाई दिये। ये चेहरे जाहिराना तौर पर भाजपाई थे। यहां जो चर्चा अंदर से बाहर तक आई वो ये थी कि भाजपाईयों ने ही साहब के सामने ये बात रख दी कि जब आप थे तो ये काम हो जाता था, वो काम हो जाता था। ये बात क्यों आई इसके पीछे की वजह भी ये बताई जाती है कि अब भगवागढ़ में आपसी मतभेद चल रहे है। अगर जनप्रतिनिधियों में गुटबाजी नहीं होती तो भाजपाईयों की ये भीड़ राजनगर में जनरल वीके सिंह के आवास की ओर नहीं लौटती। ये भीड़ लौटी है तो कोई तो वजह है। ऐसा क्या है कि जनरल वीके सिंह के मिजोरम जाने के बाद भी भाजपाईयों का लगाव उनसे बरकरार है और गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों में क्या आकर्षण कम हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि यहां जनप्रतिनिधियों में एकता की कमी है और बची कुची कसर गुटबाजी ने पूरी कर दी। जो मजबूती पहले दिखाई देती थी वो अब दिखाई नहीं देती और नदिया पार के भाजपाईयों से लेकर शहर के भाजपाईयों में आखिर ये जनधारणा क्यों आई है कि काम तो इसी दरवाजे से हो सकता है। सियासत का साधारण सा नियम है कि जिसकी मजबूत छतरी दिखाई देती है भीड़ उधर ही चली जाती है। लेकिन यहां पर यह भी मानना होगा कि जनरल वीके सिंह अंदाज पहले वाले दस सालों से अलग दिखाई दिया है। शनिवार को वो केवल साहब वाले अंदाज में नहीं थे वो एक नेता के अंदाज में थे और यहां उनका वो रूप भी दिखाई दिया जिसे लोग प्रशासनिक दक्षता कहते हैं। जब मिलने वालों ने उनके समक्ष मुद्दे रखे तो उन्होंने भी बिना देर लगाये प्रशासनिक अधिकारियों से इन मुद्दों पर बात की। बहरहाल शनिवार को जनरल वीके सिंह के घर के बाहर का नजारा बदला बदला सा था। भीड़ पहले से अधिक थी और लग रहा था कि आखिर कुछ तो है जो ये लोग स्पेशल जनरल वीके सिंह से मिलने के लिए आयें।

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रयासों से हिंडन नदी पर पुल निर्माण को मंजूरी

### लोनी की सड़कों के मरम्मत कार्य को भी मिली हरी झंडी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोनी क्षेत्र के विकास को लेकर बड़ी उपलब्धि सामने आई है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर के प्रयासों से राजनगर से फारुखनगर-असालतपुर तक हिंडन नदी पर नए पुल के निर्माण को स्वीकृति मिल गई है। पुल का निर्माण करीब 25 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से किया जाएगा। इसके साथ ही लोनी की सभी जर्जर सड़कों के मरम्मत कार्य को भी मंजूरी मिल चुकी है।

शनिवार को जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक नंदकिशोर गुर्जर, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, डीएम रविंद्र कुमार मांदड़, कमिश्नर रविंद्र गौड़ समेत कई अधिकारी शामिल हुए। बैठक में दिल्लीझसहारनपुर मार्ग निर्माण, जलभराव और ट्रैफिक व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

बैठक के बाद विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ औचक बैठक की और निर्देश दिया कि लोनी की सभी प्रमुख सड़कों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी कि 7 अक्टूबर से मरम्मत कार्य शुरू होगा और इस पर करीब 20 करोड़ रुपए की लागत आएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निर्माण और सड़क मरम्मत से लोनी क्षेत्र की दशकों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा और विकास को नई दिशा मिलेगी।

# दीपावली से गाजियाबाद में कटेंगे ऑटोमेटिक चालान, खुद अपडेट होंगी ट्रैफिक लाइट्स

## 41 सिग्नलों पर कैमरा इंस्टॉलेशन पूरा, नगर आयुक्त ने की चालू होने की घोषणा

### - अगले दस दिनों में फाइनल होगा पूरा काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** राज्य स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत गाजियाबाद में ट्रैफिक व्यवस्था को हाईटेक बनाने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ रहे हैं। नगर निगम द्वारा संचालित इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत 41 प्रमुख सिगनलों पर कैमरा, पोल और लाइट इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा हो गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को परियोजना की समीक्षा करते हुए बताया कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में इसका शुभारंभ किया जाएगा, जिससे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में आमूलचूल बदलाव देखने को मिलेगा।




### 54 करोड़ की परियोजना, रीयल टाइम मॉनिटरिंग से ऑटोमेटिक होगा चालान

करंट क्राइम : मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी ने बैठक में बताया कि अब तक सभी 41 स्थानों पर फाउंडेशन, डिवाइस और कैमरा इंस्टॉलेशन का कार्य पूरा हो चुका है। कई चौराहों पर ट्रायल और डेमो भी हो चुके हैं। नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि 54 करोड़ की लागत से तैयार हो रही यह परियोजना अब अंतिम चरण में है। कंट्रोल रूम के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जा रहा है। इस योजना से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर ऑटोमेटिक चालान कटेगा और लाल-हरी बत्ती (सिग्नल) की टाइमिंग ट्रैफिक की वास्तविक स्थिति के अनुसार खुद होगी।

### कंट्रोल रूम तैयार करने के निर्देश

करंट क्राइम : समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त ने प्रोजेक्ट मैनेजर राजीव भारद्वाज को निर्देश दिए कि अगले 10 दिनों में कंट्रोल रूम और सभी 41 लोकेशन को पूरी तरह तैयार किया जाए। साथ ही मुख्य अभियंता को निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विद्युत और नेटवर्क से जुड़े कार्यों को तुरंत पूरा कराया जाए।





### यह मिलेगा ट्रैफिक सिस्टम में फायदा

- हर सिगनल पर हाई रेजॉल्यूशन कैमरे और सेंसर
- रीयल टाइम डेटा से ट्रैफिक फ्लो का ऑटो एनालिसिस
- रेड लाइट जंप या गलत दिशा में चलने पर स्वत: चालान
- पुलिस और नगर निगम के कंट्रोल रूम से सीधा मॉनिटरिंग



"इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम शुरू होने के बाद गाजियाबाद की यातायात व्यवस्था और अधिक अनुशासित होगी। नियम तोड़ने वालों पर पैनी नजर रखी जाएगी और आम जनता को सुगम ट्रैफिक का लाभ मिलेगा।

**विक्रमादित्य सिंह मलिक,**
नगर आयुक्त

# गाजियाबाद में प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

## विधायक संजीव शर्मा बोले: युवा होंगे आत्मनिर्भर







**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 (एसएसडीएफ योजना) में संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को आर्थिक नगर, गाजियाबाद में नए प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन शहर विधायक संजीव शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन से जुड़कर युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा वे आत्मनिर्भर बनेंगे।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ललितो शेखर और मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि इस केंद्र पर युवाओं को अल्पकालिक कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी, प्रशिक्षक और विद्यार्थी शामिल हुए।

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न, 271 शिकायतें दर्ज

## सदर तहसील में विधायक संजीव शर्मा ने सुनी जनता की समस्याएँ





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश पर शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों–मोदीनगर, लोनी और सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 271 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 30 का मौके पर निस्तारण किया गया।

मोदीनगर तहसील में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में 104 शिकायतें दर्ज हुईं, 5 का निस्तारण हुआ। लोनी तहसील में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक सिंघनवाल की अध्यक्षता में 94 शिकायतें दर्ज, 11 का निस्तारण किया गया।

सबसे खास रहा सदर तहसील का समाधान दिवस, जिसमें विधायक संजीव शर्मा ने स्वयं मौजूद रहकर जनता की समस्याएँ सुनीं। यहाँ 73 शिकायतें दर्ज हुईं और 14 का निस्तारण मौके पर किया गया।

# महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव समिति की ओर से सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव प्रबंध समिति के नेतृत्व में आज सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित हुई। संचालन सतीश पर्चा के नेतृत्व में हुआ। प्रतियोगिता में 50 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस मौके पर सूरज वाल्मीकि, अजय हितेषी, संजय टॉक, रामबाबू हजारिया समेत समिति के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन सतीश पर्चा और रितु पर्चा के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से एमबीए के नए छात्राओं का आईटीएस में जोरदार स्वागत






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोहन नगर स्थित आईटीएस इंस्टिट्यूट में शनिवार को एमबीए के नए छात्र छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी 'इनसेप्शन 2025' का आयोजन किया गया। आईटीएस ग्रुप के निदेशक पीआर सुरेंद्र सूद और संस्था के निदेशक डॉ सुनील कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्कूल आफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ अजय कुमार और चेयरपर्सन डॉ उमा गुलाटी भी उपस्थित थी। निदेशक पीआर सुरेंद्र सूद ने सभी नए छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं अब प्रोफेशनल कोर्सेज कर अपने करियर को रूप देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रोफेशनल शिक्षा हासिल कर देश की प्रगति में योगदान देना ही छात्रों का लक्ष्य है। इस मौके पर नए छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया सैयद आवेश अब्बास रिजवी को मिस्टर फ्रेशर और वाणी गौतम को मिस फ्रेशर का क्राउन से सम्मानित किया गया। मिस रितिका को अच्छे प्रदर्शन और उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए टैलेंट ऑफ द डे पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हुआ फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में शिक्षक और शोधार्थियों के लिए एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) आयोजित किया गया। इसका मुख्य विषय 'ग्रोइंग ग्लोबली कॉम्पिटिटिव करेंसी इन हायर एजुकेशन' रखा गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता की समझ विकसित करना और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शिक्षण, अनुसंधान तथा नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना था।

कार्यक्रम को छह सत्रों में विभाजित किया गया था, जिनमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई: एडवांसिंग ग्रेजुएट फ्यूचर रेडीनेस एस दी एज, अडॉप्टिंग अडाप्टिव टीचिंग प्रैक्टिसेज, डिजाइन थिंकिंग फॉर इनोवेशन, ऑनलाइन सेमिनार डिलीवरी फॉर अकादमिक फैकल्टी, एन्हान्सिंग रिसर्च एक्सीलेंस एंड ग्लोबल इम्पैक्ट, एआई फॉर एडुकेटर्स : टूल्स ऑफ टुमारो (आगामी समय में एआई की भूमिका पर चर्चा)।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. माइकल क्लेमेंट्स (अकादमिक लीडर एंड ग्लोबल एजुकेटर, ऑस्ट्रेलिया), डॉ. मनीष मल्होत्रा, जैसन प्राइस (रीजनल डायरेक्टर : यूनिवर्सिटी पार्टनरशिप्स) और तरुण अग्रवाल (हेड : लर्निंग एंड एडमिशन) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करने और शिक्षा नीति पर अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान की निदेशक, प्रो. (डॉ.) जसकिरण कौर, और मुख्य वक्ताओं ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में संस्थान के अलावा भारत के कई अन्य संस्थानों के प्रतिभागियों ने भी पंजीकरण किया और इसे शैक्षिक विकास में सहायक बताया। आईएमएस गाजियाबाद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के जनरल सेक्रेटरी, सीए (डॉ.) राकेश छारिया, ने सभी वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करने की नई दिशा मिली है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपा गोयल (हेड : सीडीसी), डॉ. तृप्ति सिंह और डॉ मनीष कुमार ने किया। क्या आप इन शीर्षकों या समाचार की किसी और हिस्सेदारी में बदलाव चाहते हैं?

# संभल मस्जिद ध्वस्तीकरण मामले में मुस्लिम पक्ष को झटका

## इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका खारिज

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने संभल में मस्जिद और बारात घर के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी है. कोर्ट ने मस्जिद पक्ष को ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल करने का निर्देश दिया.**



**संभल।** संभल में तालाब और सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने मस्जिद पक्ष की याचिका खारिज कर दिया और उन्हें ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल करने का निर्देश दिया।

हाईकोर्ट में जस्टिस दिनेश पाठक की सिंगल बेंच ने सुबह 10 बजे याचिका की सुनवाई की। मस्जिद कमेटी की ओर से अधिवक्ता अरविंद कुमार त्रिपाठी और शशांक त्रिपाठी ने पक्ष रखा। वहीं, राज्य सरकार की ओर से चीफ स्टैंडिंग काउंसिल जे एन मौर्या और स्टैंडिंग काउंसिल आशीष मोहन श्रीवास्तव ने बहस की।

याचिका में मस्जिद, बारात घर और अस्पताल के खिलाफ पारित ध्वस्तीकरण आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी। मस्जिद कमेटी ने कोर्ट को बताया कि बारात घर को पहले ही ध्वस्त कर दिया गया है, और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई गांधी जयंती और दशहरे के दिन निर्धारित थी।

### याचिकाकर्ता ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल करेंगे

इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को ट्रायल कोर्ट में अपील दाखिल करनी होगी। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद याचिका निस्तारित कर दी। मस्जिद कमेटी की ओर से जमीन से जुड़े दस्तावेज पेश किए गए थे।

### अदालत ने मांगे थे दस्तावेज

अदालत ने पहले दिन मस्जिद की जमीन से जुड़े दस्तावेज मांगे थे। ध्वस्तीकरण के दौरान भीड़ और सुरक्षा के मद्देनजर कोर्ट ने आदेश के पालन की प्रक्रिया को ट्रायल कोर्ट में देखे जाने का निर्देश दिया।

# बरेली बवाल: नफीस के बरातघर पर चला बुलडोजर

## मौलाना तौकीर को शरण देने वाले फरहत के घर समेत चार दुकानें सील



**बरेली।** बरेली में बवाल के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद जिला प्रशासन ने उनकी अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। बीडीए ने शनिवार को आरोपी डॉ. नफीस के जखीरा स्थित बरातघर रजा पैलेस पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। यहां कार्रवाई करने से पहले भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। उधर, फाइक एन्कलेव में मौलाना तौकीर रजा को शरण देने वाले फरहत के मकान को सील कर दिया गया है। नौमहला मस्जिद के पास चार दुकानें सील की गई है। वहीं सैलानी में अतिक्रमण पर नगर निगम का बुलडोजर से चला है।

डॉ. नफीस और उसके बेटे को जेल भेजा जा चुका है। उसकी मार्केट को बवाल के बाद सील कर दिया गया था। अब उसके बरातघर पर कार्रवाई हुई है। शनिवार दोपहर जखीरा स्थित बरातघर रजा पैलेस पर भारी पुलिस बल तैनात हो गया। मौके पर पहुंचे किला इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देश पर फोर्स तैनात की गई है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होगी या सीलिंग की इसकी जानकारी नहीं है। कुछ देर बाद जिला प्रशासन और बीडीए के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

बीडीए की टीम ने तीन बुलडोजरों से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। सबसे पहले बुलडोजर से बरातघर का गेट तोड़ा गया। इसके बाद अन्य हिस्से पर कार्रवाई की गई। बाद में एक और बुलडोजर बुलाया गया। चार बुलडोजरों से पूरे बरातघर को जमींदोज कर दिया गया। इस कार्रवाई से खलबली मची रही।

### पूर्व पीसीएस अधिकारी के नाम ने डाला हैरत में

रजा पैलेस पर पुलिस टीम के पहुंचते ही बरातघर के बाहर लगी नेम प्लेट ने सबको हैरत में डाल दिया। इस पर मुतवल्ली का नाम शोएब बेग और उसके पिता का नाम स्व. अथहर बेग लिखा था। दूसरी ओर पिता के नाम के नीचे पूर्व पीसीएस अधिकारी भी लिखा था।

### अतिक्रमण पर चला नगर निगम का बुलडोजर

सैलानी में नगर निगम की टीम ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान बुलडोजर से दुकान और मकान के बाहर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। टीम का कहना है कि इस कार्रवाई का बवाल के मामले से लेना-देना नहीं है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। इस कार्रवाई से खलबली मची रही।

### नौमहला मस्जिद के पास चार दुकानें सील

बरेली विकास प्राधिकरण की टीम ने शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे के बाद नौमहला मस्जिद के बाहर अंजुमन की चार दुकानों को अवैध बताकर सील कर दिया। जिस वक्त दुकानें सील की गईं, उस वक्त दो दुकानकार आमिर और साहिन अपनी-अपनी दुकान में थे। दो दुकानें बंद थीं। टीम ने दुकानदारों को सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया। दुकानदारों से दुकानों के अवैध होने के साक्ष्य मांगे गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि वह अंजुमन कमेटी से कहेंगे कि बीडीए में जाकर साक्ष्य प्रस्तुत करें और दुकान खुलवाएं।

### फरहत का मकान सील

बरेली के फाइक एन्कलेव में बीडीए की टीम ने शनिवार को आरोपी फरहत का तीन मंजिला मकान सील कर दिया। इसी मकान में 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रजा ने पनाह ली थी। बवाल के बाद उन्हें यहीं से गिरफ्तार किया गया था। घर में शरण देने पर फंसा फरहत और फरहान जेल में है। बीडीए के सक्षम अधिकारी ने एक अक्तूबर को नोटिस तामील कराते हुए तीन अक्तूबर से पहले फरहत का घर खानी कराने की अपेक्षा बारादरी पुलिस से की थी। शुक्रवार को वहां न तो पुलिस पहुंची और न ही बीडीए की टीम। शनिवार दोपहर करीब एक बजे बीडीए की टीम यहां पहुंची और सीलिंग की कार्रवाई की।

# केजरीवाल का 'शीशमहल' बनेगा स्टेट गेस्ट हाउस!



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार उस बंगले को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी कर रही है, जो कभी पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का सीएम आवास हुआ करता था। ये बंगला भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण चर्चा में रहा था। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि इस गेस्ट हाउस में एक कैफेटेरिया होगा, जहां पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे, जैसा कि दिल्ली के अन्य स्टेट भवनों में देखने को मिलता है। यह सुविधा आम जनता के लिए भी उपलब्ध होगी।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस योजना के तहत बंगले में पार्किंग, वेटिंग हॉल और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। वर्तमान में यह बंगला खाली पड़ा है और इसे स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने का प्रस्ताव अंतिम चरण में है। इस योजना को अभी उच्च अधिकारियों से अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है।

# जगदीश विश्वकर्मा बने गुजरात भाजपा के नए अध्यक्ष, ओबीसी वर्ग को लुभाने की रणनीति



**अहमदाबाद।** भाजपा ने जगदीश विश्वकर्मा को गुजरात भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। जगदीश विश्वकर्मा ओबीसी वर्ग से आते हैं। ऐसे में उन्हें राज्य इकाई की कमान देने को भाजपा द्वारा ओबीसी वर्ग को लुभाने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। गुजरात भाजपा अध्यक्ष चुनाव के लिए पार्टी के चुनाव अधिकारी और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने गांधीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय 'कमलम' में राज्य के वरिष्ठ नेताओं और पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक में विश्वकर्मा के नाम की आधिकारिक घोषणा की।

गुजरात सरकार के मंत्री और ओबीसी नेता जगदीश विश्वकर्मा केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल की जगह लेंगे। सीआर पाटिल का तीन साल का कार्यकाल जुलाई 2023 में समाप्त हो गया था, लेकिन वे पद पर बने हुए थे। अहमदाबाद की निकोल सीट से तीन बार विधायक रहे विश्वकर्मा शुक्रवार को इस पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। विश्वकर्मा वर्तमान में गुजरात सरकार में सहकारिता, नमक उद्योग, एमएसएमई, कुटीर, खादी और ग्रामीण उद्योग राज्य मंत्री हैं। जगदीश विश्वकर्मा इससे पहले भाजपा की अहमदाबाद शहर इकाई के अध्यक्ष के रूप में काम कर चुके हैं। विश्वकर्मा ने गुजरात भाजपा अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाटीदार आरक्षण आंदोलन के 10 साल पूरे होने के मौके पर बीती 25 अगस्त को अहमबाद के निकोल में एक रैली को संबोधित किया था। अब उस रैली के करीब एक महीने बाद निकोल से विधायक जगदीश विश्वकर्मा को गुजरात भाजपा का नया अध्यक्ष चुना गया है। निकोल एक पाटीदार बहुल इलाका है और 2015 के आरक्षण आंदोलन के दौरान निकोल में हिंसा हुई थी।

जगदीश विश्वकर्मा को केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह का बेहद करीबी माना जाता है। विश्वकर्मा, जिन्हें 'जगदीश पांचाल' के नाम से भी जाना जाता है, काशीराम राणा के बाद गुजरात भाजपा अध्यक्ष बनने वाले केवल दूसरे ओबीसी नेता हैं। वह अहमदाबाद शहर से राज्य में भाजपा का शीर्ष पद संभालने वाले पहले पार्टी नेता भी होंगे। उनकी नियुक्ति को भाजपा द्वारा ओबीसी मतदाताओं को लुभाने के तौर पर देखी जा रही है। यह पार्टी द्वारा मध्य और उत्तरी गुजरात में पिछड़े वर्गों को अपने पक्ष में करने की कोशिश है।

# कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट

## एक किमी दूर तक हिले मकान, दो की मौत



**फरुर्खाबाद।** फरुर्खाबाद जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र में सातनपुर मंडी के पास संचालित एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को भीषण विस्फोट हो गया। इस हादसे में कोचिंग सेंटर में पढ़ रहे करीब 10 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से दो की मौत हो गई है। विस्फोट इतना तीव्र था कि एक किलोमीटर दूर तक कई मकान हिल गए।

हादसे में कोचिंग सेंटर के अंदर का पूरा स्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया। बाहर की स्लैब और पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं, जबकि बाहर लगी लोहे की जाली डेढ़ सौ मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। यह विस्फोट कितना भयानक था, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े घटना स्थल पर ही पड़े मिले।

वहीं, छात्रों की खड़ी मोटरसाइकिल, स्कूटी और साइकिल जैसे अन्य वाहन भी 50 मीटर दूर तक जा गिरे। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थाना पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने कोचिंग सेंटर में मौजूद एक शिक्षक को हिरासत में लिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंच गए हैं और उच्चाधिकारियों को भी सूचना दे दी गई है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 05 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

DrAnil Agrawal
1h

अन्तरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन गाजियाबाद इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आज प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री Kapil Dev Aggarwal जी के साथ सहभागिता की...!!



## महानगर अध्यक्ष और शहर विधायक की दखल से बदल सकता है सीन

# मिनट्स बुक को लेकर प्रभारी मंत्री बोले डीएम करें इस मामले में इंटरवीन

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम की बैठक 30 जून को हुई थी और हाउस टैक्स में बढोत्तरी का प्रस्ताव नगर निगम में सर्वसम्मति से निरस्त हुआ। उसके बाद पार्षदों का हौंसला तब पस्त हुआ जब वो मिनट्स मांगते रहे और उन्हें मिनट्स बुक नहीं मिली। मिनट्स बुक की मांग को लेकर भाजपा के पार्षद अन्य पार्षदों के साथ धरने पर बैठ गये। इसके बाद जब मिनट्स बुक नहीं मिली तो पार्षद बस में सवार होकर लखनऊ पहुंचे। मुख्यमंत्री के सचिव से लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात की और उनके समक्ष पूरा मामला रखा। इसी बीच एक पत्र महानगर अध्यक्ष के पास पहुंचा और उसमें मिनट्स बुक मांगने को अनुशासनहीनता बताते हुए पार्षदों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। कहानी में रोचक मोड तब आया जब भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया ने कोर वाली बैठक में साफ कह दिया कि मिनट्स बुक मांगना पार्षदों का अधिकार है और यह





अनुशासनहीनता में नहीं आता है। सूत्र बताते हैं कि कहानी में नया मोड अब डाक बंगले वाली बैठक के बाद आ गया है। गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री पूर्व एडीजी पुलिस असीम अरूण इस बैठक को ले रहे थे। इस बैठक में पुलिस आयुक्त मौजूद थे, जिलाधिकारी मौजूद थे और बताते हैं कि यहां पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने मिनट्स बुक के मुद्दे को उठा दिया। उन्होंने प्रभारी मंत्री से बताया कि हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी का विरोध पार्षद कर रही है, जनता कर रही है और यह जनहित से जुड़ा सीधा मुद्दा है। पार्षदों को मिनट्स बुक नहीं दी जा रही है। सूत्र बताते हैं कि यह सुनते ही प्रभारी मंत्री असीम अरूण चैंके और उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई और कहा कि कोई भी अधिकारी या अन्य पदाधिकारी सदन की बैठक की मिनट्स को लेकर इंकार नहीं कर सकता है। उन्होंने तत्काल डीएम गाजियाबाद को कहा कि वो इस मामले में इंटरवीन करें और निगम सदन की बैठक के मिनट्स निकलवाकर पार्षदों को दें। इस मामले में शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी बात रखी थी और बताते हैं कि मिनट्स बुक को लेकर प्रभारी मंत्री हैरान हुए और उन्होंने कहा कि किसी भी सदन में जो कुछ भी होता है वो ऑन रिकार्ड होता है, सार्वजनिक होता है। उन्होंने कहा कि बैठक एक सार्वजनिक मंच है। जहां सभी दलों के पार्षद अपनी बात रखते हैं और बोर्ड बैठक में ऐसा कोई मुद्दा नहीं होता जो गोपनीय रखा जाये और इसे सार्वजनिक ही रखा जाता है। सदन चाहे निगम बोर्ड का हो, नगर पालिका का हो, विधानसभा का हो। इसमें उठाये जाने वाले प्रश्न, की गई कार्यवाही, लिये गये फैसले, सबकुछ सार्वजनिक होते है। गोपनीय जैसा कुछ नहीं होता है। बताते हैं कि प्रभारी मंत्री ने इस बात को लेकर ये भी कहा कि मिनट्स बुक का ना दिया जाना अच्छी बात नहीं है और उन्होंने कि इस मामले में मैं भी नगर आयुक्त और मेयर से बात करूंगा।

# महापौर सुनीता दयाल ने किया कैला भट्टा नगर निगम भूमि का निरीक्षण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ कैला भट्टा स्थित मरकज मस्जिद के पास नगर निगम की भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाई कर भूमि की बाउंड्री के लिए चिन्हित स्थल का काम किया गया और जल्द ही दीवार निर्माण का कार्य शुरू होगा।

महापौर ने बताया कि यह 5500 वर्गमीटर भूमि पहले हाजी खलील के कब्जे में थी, जिसे पूर्व में महापौर की उपस्थिति में खाली कराया गया था। अब नगर निगम ने इस भूमि पर लगभग 15 दुकानों का निर्माण शुरू किया है, जो स्थानीय लोगों के उपयोग में आएंगी और नगर निगम की आय में वृद्धि करेंगी। महापौर सुनीता दयाल ने कहा, स्थानीय लोगों की सुविधा और व्यापार को बढ़ावा देने के साथ-साथ आस्था का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य किया जाएगा। यह भूमि अब सभी के उपयोग में सुरक्षित रहेगी।

शेष, पृष्ठ 8



# मासिक बैठक करते रह गए सपाई, सांसदों के आने की फोटो दे रही है कमजोर नेटवर्क के संदेश

## समाजवादी पार्टी के लोकल चेहरे रहे यूपी गेट से आउट



### क्या रही वजह, जो समाजवादी नेता रहे दूर

करंट क्राइम : शनिवार को दिनभर इस बात की चर्चा रही कि सपा के तीन प्रमुख सांसद जो की पार्टी द्वारा प्लानिंग के तहत बरेली जाने के लिए दिल्ली से निकले थे। वहां अन्य डेलिगेशन को भी पहुंचना था लेकिन पुलिस ने यूपी में एंट्री करने से रोक दिया गया। हवाला दिया गया कि वहां धारा-163 लगी हुई है। जिसके चलते कानून व्यवस्था की स्थिति और शांति का माहौल न खराब हो ऐसे में उन्हें यूपी में एंट्री नहीं दी गई और आगे जाने नहीं दिया गया था। कहा जा रहा है कि इतना बड़ा सपा का कार्यक्रम होने के बावजूद अगर गाजियाबाद के समाजवादी यूपी गेट नहीं पहुंचे, तो इसके पीछे की वजह स्पष्ट होनी चाहिए। उधर समाजवादी पार्टी में जारी गुटबाजी और अंदरूनी कलह भी किसी से छुपी नहीं है। जिस तरीके से यूपी गेट पर समाजवादी पार्टी का कोई भी प्रमुख चेहरा नजर नहीं आया उसको लेकर सियासी चर्चा भी जमकर हो रही है।

**गाजियाबाद,करंट क्राइम:** समाजवादी पार्टी जहां आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पुरजोर तैयारी का दावा करती है। गाजियाबाद से लेकर लखनऊ तक संगठन को मजबूत बनाने और मासिक बैठक कर अपनी स्थिति मजबूत करने की प्लानिंग होती है लेकिन शनिवार को समाजवादी पार्टी के तीन प्रमुख सांसद जिसमें मुजफ्फरनगर के सांसद हरेंद्र मलिक, कैराना से सांसद इकरा हसन और रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी बरेली जाने के लिए यूपी गेट पहुंचे। इस दौरान यूपी गेट पर समाजवादी पार्टी का कोई भी स्थानीय नेता नजर नहीं आया। अब कहा जा रहा है कि समाजवादी पार्टी के स्थानीय नेताओं को या तो जानकारी नहीं थी या वह क्यों नहीं पहुंचे, इसकी चर्चा हो रही है।

सूत्रों ने बताया है कि सपा के तीनों सांसद काफी देर तक दिल्ली बॉर्डर से सेट यूपी गेट इलाके में मौजूद रहे लेकिन इस दौरान समाजवादी पार्टी का साहिबाबाद विधानसभा से लेकर शहर और लोनी से लेकर धौलाना तक का कोई भी समाजवादी चेहरा नजर नहीं आया। हालांकि समाजवादी पार्टी के नेता मासिक बैठकें और और कई तरीके के अभियान चला कर फोटो लखनऊ तक भेजते हैं लेकिन जब पार्टी के तीन प्रमुख सांसद पहुंचे तो समाजवादी पार्टी के लोकल नेताओं की गैर मौजूदगी कई सवाल खड़े कर रही थी।

# यूपी गेट पर सपा सांसदों का काफिला रोका घंटों लगा रहा जाम, लोग हुए परेशान

गाजियाबाद, करंट क्राइम : दिल्ली से गाजियाबाद की ओर जाने वाले लोगों को शनिवार दोपहर राष्ट्रीय राजमार्ग-09 पर भारी जाम का सामना करना पड़ा। जाम का कारण समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसदों का काफिला बना, जिसे गाजीपुर बॉर्डर-यूपी गेट पर पुलिस ने रोक दिया।

सपा का प्रतिनिधिमंडल बरेली में एक समुदाय से मिलने जा रहा था। इसमें तीन सांसद – हरेंद्र मलिक (मुजफ्फरनगर), इकरा हसन (कैराना) और मोहिबुल्लाह नदवी (रामपुर) शामिल थे। गाजियाबाद पुलिस ने बरेली में लागू धारा 163 का हवाला देते हुए उन्हें आगे जाने से मना कर दिया। इस दौरान एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव पुलिस के साथ मौजूद रहे। वहीं करीब एक घंटे तक सांसदों और पुलिस के बीच बहस चली, जिससे दिल्ली से गाजियाबाद की ओर जाने वाली डेडिकेटेड लेन पर एक किलोमीटर लंबा जाम लग गया। आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

### सांसद हरेंद्र मलिक बोले सत्ता के दबाव में है यूपी पुलिस



करंट क्राइम : सांसद हरेंद्र मलिक ने आरोप लगाया कि पुलिस सत्ता के दबाव में काम कर रही है और जनप्रतिनिधियों को संविधान प्रदत्त स्वतंत्रता से वंचित किया जा रहा है। वहीं इकरा हसन ने कहा कि वे पीड़ित समुदाय से मिलने और उनकी बात सदन में उठाने जा रहे थे, मगर प्रशासन ने रोक दिया। यह पहली बार नहीं है जब सपा का प्रतिनिधिमंडल यूपी गेट पर रोका गया हो। इससे पहले संभल जाने के दौरान भी ऐसी ही स्थिति बनी थी।



# बैठक कर कमिश्नर, डीएम, नगर आयुक्त और वीसी के साथ क्या विकास की योजना बना गए जनरल साहब



## - मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के आवास पर नजर आए प्रमुख अधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जनरल वीके सिंह मिजोरम के सांसद हैं और वह गाजियाबाद समय-समय पर आते रहते हैं। शनिवार को वह अपने राजनगर स्थित आवास पर पहुंचे, जहां उनके प्रोटोकॉल के तहत तमाम तरीके की सुरक्षा व्यवस्था, नेता, पार्टी पदाधिकारी से लेकर उनसे मिलने वाले लोगों का तांता लगा रहा। जनरल का कार्यक्रम तय समय से अधिक तक संचालित होता रहा। तो वहीं शनिवार को यहां का नजारा बिल्कुल अलग देखने लायक था। गाजियाबाद के पूर्व सांसद और वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के आवास पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय पहुंचे थे। लंबे समय तक जनरल वीके सिंह की अधिकारियों के साथ मीटिंग हुई। विकास कार्यों से लेकर अन्य विषयों पर गंभीरता से बंद कमरे के बीच चर्चा हुई है। अब यहां पर सवाल यह उठ रहा है कि क्या विकास कार्यों की योजना पर जनरल वीके सिंह द्वारा लंबी चर्चा हुई है या कुछ और विषय थे, जिस पर जिले के सभी प्रमुख अधिकारियों और जनरल साहब में चर्चा हुई है।\

### जब आवास से निकल बाहर, तब कमिश्नर, डीएम और नगर आयुक्त एक ही गाड़ी में हुए सवार

करंट क्राइम : शनिवार को यहां पर एक अलग ही नजारा भी देखने को मिला। जब मिजोरम के सांसद जनरल वीके सिंह के साथ पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त लंबी बैठक कर कमरे से बाहर निकले। तो बाहर का सीन भी अलग ही देखने को मिला। तीनों अधिकारियों का अपना अलग-अलग काफिला खड़ा था लेकिन पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड अपनी गाड़ी में बैठते हैं। तो उनके साथ डीएम और नगर आयुक्त भी इसी गाड़ी में सवार हो गए और फिर इस गाड़ी के पीछे-पीछे जिलाधिकारी और नगर आयुक्त का काफिला चल दिया। बताया जा रहा है कि जनरल वीके सिंह के आवास से निकलने के बाद तीनों अधिकारियों ने गाड़ी में बैठक कर महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की है।

### कोई देने आया बधाई, किसी ने मिलाया हाथ और किसी ने ली फोटो साथ

करंट क्राइम : गाजियाबाद के पूर्व सांसद रहे हैं जनरल वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल हैं। वह लगातार गाजियाबाद के लोगों के सुख-दुख और अन्य मामलों को लेकर अपनी राय देते रहते हैं। गाजियाबाद के विकास का मामला हो या यहां के नेताओं से जुड़ी कोई परेशानी व उसको भी सुनते और उठाने का काम करते हैं। शनिवार को भी नजारा ऐसा ही था, उनके आवास पर कोई उनसे मिलने पहुंचा। तो कोई शुभकामना संदेश और गुलदस्ता लेकर आया। किसी ने मुलाकात कर हाल-चाल जाना, तो कोई फोटो भी खिंचवाने के लिए उत्सुक दिखाई दिया। कुल मिलाकर जनरल वीके सिंह के आवास पर शनिवार को नजारा बदला हुआ था। नेताओं की भीड़, कार्यकर्ताओं में जोश और पदाधिकारियों का साथ, तो नजर आ ही रहा था लेकिन जिस तरीके से मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के साथ बंद कमरे में अधिकारियों की गाजियाबाद के विकास की योजनाओं और कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा हुई है। यह बता रहा है कि इस बार की मीटिंग कुछ खास रही है।

## पीएम मोदी का है विजन, हर राज्य की राजधानी रेल मार्ग से जुड़ेगी आरएसएस को लेकर कहा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है : जनरल वीके सिंह



गाज़ियाबाद, करंट क्राइम : मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह शनिवार को गाजियाबाद में राज नगर स्थित आवास पर थे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास विजन पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है कि देश के सभी राज्यों की राजधानियों को रेल मार्ग से जोड़ा जाए, ताकि सभी क्षेत्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि मिजोरम की राजधानी आइजोल अब रेल मार्ग से जुड़ चुकी है और इस परियोजना में 48 सुरंगों का निर्माण किया गया है। राज्यपाल ने इसे पूर्वोत्तर राज्यों के विकास की दिशा में ऐतिहासिक पहल करार दिया और कहा कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

### धारा-370 हटने से विकास बढ़ा है

करंट क्राइम : लेह-लद्दाख को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि धारा 370 हटने के बाद यह क्षेत्र केंद्र शासित प्रदेश के रूप में विकास की राह पर है। उन्होंने स्पष्ट किया किसी भी प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और स्थिरता लाने में समय लगता है, और सही समय आने पर लेह-लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा भी दिया जाएगा। राज्यपाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह भी कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में चल रही बुनियादी परियोजनाएँ और सामाजिक विकास योजनाएँ एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और यह देश की समग्र प्रगति में योगदान करती हैं। इस अवसर पर स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे और राज्यपाल के स्वागत एवं कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोग किया। बता दें कि इसस पहले मिजोरम के राज्यपाल जनरल (रिटायर्ड) विजय कुमार सिंह गाज़ियाबाद पहुँचे और भाजपा नेता पवन गोयल के पिता के निधन पर उनके आवास पर पहुंचकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर राज्यपाल ने परिवार से व्यक्तिगत तौर पर मुलाकात की और उन्हें सांत्वना भी दी।

### राज्यपाल ने कहा आरएसएस सबसे बड़ा संगठन

करंट क्राइम : मिजोरम के राज्यपाल वीके सिंह ने कहा है कि आरएसएस विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, जो राष्ट्र सेवा के कार्यों में निरंतर लगा है। यह संगठन शिक्षा, जनजातीय उत्थान और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। आरएसएस कई विद्यालय संचालित करता है और युवाओं को आईपीएस जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं की तैयारी में मार्गदर्शन देता है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि समाज में सुधार और विकास के लिए संगठनों की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण है और आरएसएस इस दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

## शोक संवेदना







गाजियाबाद, करंट क्राइम। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने भाजपा नेता तथा जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल के आवास पर पहुंचकर भाजपा नेता पवन गोयल के पिता फतेह चंद गोयल के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## संपादकीय

# मशीनें तो आएंगी, पर इंसान भी रहेंगे

क्या मशीनें इंसानों की जगह ले लेंगी? आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की तेज तरक्की के बाद यह सवाल और भी गंभीर हो उठा है। ऐसे वक्त में वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह का बयान मशीनों को लेकर फैले डर को कम करने वाला है।

इंसानों की भूमिका टेस्ला के सीईओ इलॉन मस्क ने कुछ दिनों पहले ट्वीट किया था कि युद्ध का भविष्य ड्रोन हैं, इंसानों द्वारा संचालित एयरक्राफ्ट नहीं। वायु सेना प्रमुख ने इसी ट्वीट पर साफ किया कि इंसानों की भूमिका बनी रहने वाली है। मानवरहित सिस्टम डिवेलप होंगे, उनका उपयोग बढ़ेगा, लेकिन वे खुद से काम नहीं कर सकते। उनको चलाएगा कोई इंसान ही।

मैन्ड प्रॉजेक्ट : दुनिया के कई देशों में छठी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों पर काम चल रहा है। ब्रिटेन, इटली और जापान मिलकर ग्लोबल कॉम्बैट एयर प्रोग्राम में लगे हुए हैं। वहीं अमेरिका ने NGAD लॉन्च किया है। चीन के बारे में भी चर्चा है कि वह ख–36 डिवेलप कर रहा है। और ये सारे प्रॉजेक्ट मैन्ड हैं। साझेदारी का कमाल कोई भी युद्ध बेहतर तालमेल और साझेदारी से जीता जाता है– फिर भले ही वह इंसानों और मशीनों के बीच क्यों न हो। भारत समेत कई देशों में अनमैन्ड कॉम्बैट एरियल वीकल या ड्रोन पर प्रॉजेक्ट चल रहे हैं। इनको लड़ाकू विमानों के साथ टीम में काम करने के लिए ही तैयार किया जा रहा। ड्रोन का इस्तेमाल रूस– यूक्रेन युद्ध में ड्रोन की भूमिका दिखी। इसी तरह, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत–पाकिस्तान टकराव में भी ड्रोन अहम भूमिका में रहे। लेकिन, दोनों जगह ड्रोन्स ने तभी बेहतर परिणाम दिया, जब उनका इस्तेमाल सही ढंग से हुआ। पाकिस्तान को जवाब वायु सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को भी दोहराया। हालांकि सेना और सरकार की तरफ से पहले भी देश को जानकारी दी जा चुकी है, लेकिन एयरफोर्स चीफ के बयान की जरूरत इसलिए थी क्योंकि पाकिस्तान की तरफ से लगातार झूठ फैलाया जा रहा है। यहां तक कि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने इसके लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच तक का इस्तेमाल किया। कोरे दावे संघर्ष में हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते। भारतीय सेना ने तो सबूत सामने रख दिए, पाकिस्तान के पास अगर कुछ है, तो दिखाना चाहिए, वरना झूठे नैरेटिव से उसे ही घाटा होगा।

# बैंकों में 1.84 लाख करोड़ की संपत्तियां अनक्लेम्ड
## सीतारमण ने बताया मिलेगा हकदारों को हक



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बैंकों और नियामकों के पास 1.84 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय संपत्तियां बिना दावे के पड़ी हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे तीन ए, जागरूकता, पहुंच और कार्यवाही पर काम करें ताकि यह राशि सही हकदारों तक पहुंचे।

बैंकों और नियामकों के पास 1.84 लाख करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्ति बिना दावे के पड़ी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंन कहा कि अधिकरिरयों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि ये सही मालिकों तक पहुंचें। सीतारमण ने गुजरात के गाधीनगर से तीन महीने लंबी 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गुजरात के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई और बैंकों व वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### तीन ए अपनाने की अपील

सीतारमण ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे तीन ए, जागरूकता, पहुंच और कार्यवाही पर काम करें ताकि यह राशि सही हकदारों तक पहुंचे। पहला 'ए' जागरूकता फैलाएं। उन्हें बताएं कि आपका पैसा वहां पड़ा है, इस दस्तावेज के साथ आएं और इसे ले जाएं। आप राजदूत बन सकते हैं और लोगों को बता सकते हैं कि क्या उन्होंने अभी तक अपनी जायज संपत्ति का दावा नहीं किया है। बस उनसे कहें कि वे अपने दस्तावेज ढूंढ़ें और पोर्टल पर पंजीकरण कराएं।

मंत्री ने आगे कहा कि, आरबीआई के यूडीजीएएम पोर्टल या इस उद्देश्य के लिए बैंकों द्वारा बनाए गए स्टॉलों के माध्यम से, उन सही दावेदारों तक पहुंच प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि तीसरा ए एक्शन है, जहां आप (अधिकारी) जो कुछ भी आपके पास है, जैसे कागज के छोटे टुकड़े, उस पर कार्रवाई करते हैं। उन्होंने कहा कि एकजुट प्रयास से अभियान सफल होगा।

### यूडीजीएएम पोर्टल

आरबीआई ने UDGAM पोर्टल बनाया है, जिसके जरिए लोग अपनी अनक्लेम्ड जमा राशि का पता लगा सकते हैं। सीतारमण ने अधिकारियों से लोगों में जागरूकता फैलाने और उन्हें पोर्टल या बैंक स्टाल के माध्यम से संपत्ति वापस लेने में मदद करने का आग्रह किया।

### दावा न की गई राशि ट्रांसफर हो सकती है

वित्त मंत्री ने बताया कि अनक्लेम्ड राशि बैंक, आरबीआई या आईईपीएफ में सुरक्षित है और उचित दस्तावेज पेश करने पर इसे लिया जा सकता है। अगर संपत्ति लंबे समय तक दावा न की जाए तो यह एक संस्था से दूसरी संस्था में ट्रांसफर हो जाती है।

सीतारमण ने गुजरात ग्रामीण बैंक की भी सराहना की, जिसने उन्हें आश्वासन दिया था कि उसके अधिकारी राज्य के प्रत्येक गांव में जाकर बैंक में पड़ी लावारिस जमा राशि के असली मालिकों की तलाश करेंगे।

## 'भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती का विकल्प खुला रखा', क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में दाव

**नई दिल्ली।** क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में आरबीआई के भविष्य के फैसलों को लेकर अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में मुद्रास्फीति अब चिंता का विषय नहीं रही और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती शुरू होने से आरबीआई के लिए दरों में कमी करने की संभावना बनी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना खुली रखी है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की



हालिया रिपोर्ट के अनुसार मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने महंगाई के अपने पूवार्नुमान को भी घटा दिया है। बता दें कि केंद्रीय बैंक ने टैरिफ अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए 1 अक्तबूर को अपनी नीतिगत ब्याज दरों को लगातार दूसरी बार 5.5 प्रतिशत पर अपवरिवर्तित रखने का फैसला किया।

### फेड के फैसलों ने आरबीआई के लिए रास्ता खोला

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ श्रम–प्रधान क्षेत्र अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं और उन्हें नीतिगत समर्थन की जरूरत है। इस वित्तीय वर्ष में मुद्रास्फीति अब चिंता का विषय नहीं रही और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती शुरू होने से आरबीआई के लिए दरों में कमी करने की संभावना बनी है।

### इस साल आरबीआई कर चुका है 100 आधार अंकों की कटौती

फरवरी 2025 से, आरबीआई नीतिगत दरों में 100 आधार अंकों की कटौती कर चुका है। जून में अपनी पिछली नीति समीक्षा में, उसने रेपो दर को 50 आधार अंकों की कटौती करके 5.5 प्रतिशत कर दिया था। सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे।

एमपीसी की सिफारिश के आधार पर, आरबीआई ने खुदरा मुद्रास्फीति में कमी के बीच फरवरी और अप्रैल में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की व जून में 50 आधार अंकों की कटौती की इस साल फरवरी से खुदरा मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से नीचे चल रही है।

## 05 10 2025 करंट क्राइम
### सेलेब्रिटी जन्मदिन
### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
# आज के जन्मदिन



अनुज सचदेवा (अभिनेता)



महकार सिंह (वरिष्ठ पत्रकार)



वैष्णवी | ऋषिका चौधरी | अब्दुल सिद्दीकी | मुदित कुमार | अदीब मनसूरी



असद इदरीशी | प्रिशा शर्मा | हेमलता शर्मा | सुनीता चौहान | ऋतु | नेना त्यागी



नीरज पाल | अजय कुमार | प्रखर भल्ला | अजीत कुमार | अरविन्द भारतीय | प्रखर भल्ला



हेमंत राणा | नमन तनेजा | जितेन्द्र त्यागी | आशीष वर्मा | मनीष त्यागी | प्रवीण अरोड़ा



प्रदीप शर्मा | राहुल पंडित | तैयब सिद्दीकी | सुधीर प्रजापति | नमन तनेजा | हरीश भार्गव



सुमित शर्मा | राजीव चौहान | सचेंद्र झां | सौरभ अग्रवाल | अरूण तौमर | दिलिप सिंह | मो. अजीम



रविदत्त निमेष | संगीन | आदिल हुसैन | अमित बालियान | अभिषेक सिंह | अरविन्द ठाकुर | जगमोहन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## 'भारतीय रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में कटौती का विकल्प खुला रखा', क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में दाव

**नई दिल्ली।** क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में आरबीआई के भविष्य के फैसलों को लेकर अनुमान जताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार इस वित्तीय वर्ष में मुद्रास्फीति अब चिंता का विषय नहीं रही और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती शुरू होने से आरबीआई के लिए दरों में कमी करने की संभावना बनी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने भविष्य में ब्याज दरों में कटौती की संभावना खुली रखी है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की हालिया रिपोर्ट के अनुसार मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने महंगाई के अपने पूवार्नुमान को भी घटा दिया है। बता दें कि केंद्रीय बैंक ने टैरिफ अनिश्चितताओं का हवाला देते हुए 1 अक्तबूर को अपनी नीतिगत ब्याज दरों को लगातार दूसरी बार 5.5 प्रतिशत पर अपवरिवर्तित रखने का फैसला किया।




अमेरिकी टैरिफ से दूसरी छमाही में जीडीपी वृद्धि में गिरावट का जोखिम बरकरार रिपोर्ट में कहा गया है कि एमपीसी ने स्वीकार किया कि अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में जीडीपी वृद्धि में गिरावट का जोखिम रहेगा। हालांकि, क्रिसिल ने कहा कि जीएसटी सुधारों से समग्र प्रभाव आंशिक रूप से कम हो जाएगा।

### फेड के फैसलों ने आरबीआई के लिए रास्ता खोला

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ श्रम–प्रधान क्षेत्र अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के प्रति सबसे अधिक संवेदनशील हैं और उन्हें नीतिगत समर्थन की जरूरत है। इस वित्तीय वर्ष में मुद्रास्फीति अब चिंता का विषय नहीं रही और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती शुरू होने से आरबीआई के लिए दरों में कमी करने की संभावना बनी है।

### इस साल आरबीआई कर चुका है 100 आधार अंकों की कटौती

फरवरी 2025 से, आरबीआई नीतिगत दरों में 100 आधार अंकों की कटौती कर चुका है। जून में अपनी पिछली नीति समीक्षा में, उसने रेपो दर को 50 आधार अंकों की कटौती करके 5.5 प्रतिशत कर दिया था। सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दो प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे।

एमपीसी की सिफारिश के आधार पर, आरबीआई ने खुदरा मुद्रास्फीति में कमी के बीच फरवरी और अप्रैल में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की व जून में 50 आधार अंकों की कटौती की इस साल फरवरी से खुदरा मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से नीचे चल रही है। खाद्य कीमतों में कमी और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण अगस्त में यह छह साल के निचले स्तर 2.07 प्रतिशत पर आ गई।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।
- साल 2015 में जर्मनी में सबसे ज्यादा आश्रय अनुरोध थे।
- सावधानीपूर्ण और कुशल इंजीनियरिंग के कारण आकाशीय बिजली ने 1963 से किसी भी विमान को नुक्सान नहीं पहुँचाया है, क्यूंकि यह आकाशीय बिजली के बोल्ट के बिजली के चार्ज को विमान के माध्यम से चलाता है और इसके बाहर चला जाता है।
- कई आइसलैंड निवासियों के लिए, विश्व युद्ध 2 वास्तव में 'धन्यवाद युद्ध' के रूप में जाना जाता है क्योंकि देश की आजादी के लिए धन्यवाद देने का युद्ध है।
- जब स्टीव जॉब्स अपनी मृत्युसैय्या पर थे, तो उन्होंने पांच अलग ऑक्सीजन मास्क मांगे ताकि वह सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के साथ एक चुन सकें।
- यदि आप वास्तविक जीवन में राक्षसों और पिशाचों के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में पैराप्सिओलॉजी में पीएचडी प्राप्त कर सकते हैं।

## राशिफल

**मेष :** किसी पुराने साथी से विवाद होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में दोनों के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है। हालांकि लव पार्टनर के रोमांटिक पल गुजरेंगे।

**वृष :** मन विचलित रहेगा और आपको लगेगा कि कोई धोखा दे रहा है। सही बात जानने के लिए बिना बात किए अहंकार से बचें और सामाजिक मेलजोल का सहारा लें।

**मिथुन :** पति–पत्नी और अविवाहित जोड़े एक–दूसरे के साथ अच्छा समय बिताएंगे। अगर किसी के करीब हैं और उसे दिल की बात बताना चाहते हैं तो वो आपको बताऊंगा।

**कर्क :** घर में शादी की शहनाई बजाई जा सकती है। शादी के लिए अच्छा समय चल रहा है। आज आपको अपने प्रिय से खुशखबरी मिलेगी।

**सिंह :** अपने मन को शांत रखेंगे तो इस दिन अपने पार्टनर से वह सब मिलेगा जो आप चाहते हैं। लिव इन रिलेशनशिप में रहने वालों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या :** प्रेमी आई लव यू कहने के लिए बेताब दिखेगी। लोगों की शादी चल रही है, उन्हें सफलता मिल सकती है। विवाहित को ससुराल पक्ष से परेशानी हो सकती है।

**तुला :** नए रिश्ते पर भरोसा आज आपके रिश्तों में कड़वाहट ला सकता है। पार्टनर के साथ बाहर की यात्रा हो सकती है। टूटे हुए रिश्ते फिर से बन सकते हैं।

**वृश्चिक :** नए लव पार्टनर पर भरोसा नहीं कर पाएंगे और बदतमीजी करेंगे। रिश्ते में विश्वास रखें। सहकर्मियों के साथ यात्रा करनी पड़ सकती है।

**धनु :** पार्टनर के बीच जो था उसे लेकर तनाव आज खत्म हो सकता है। अगर आप अपने प्रियजन को प्रपोज करते हैं तो आपको जवाब में हां मिल सकती है।

**मकर :** लव लाइफ में मन की मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। दिन हल्का चलने वाला है। सब कुछ स्वाभाविक रूप से न लें। लव लाइफ में कुछ अहम बदलाव हो सकते हैं।

**कुंभ :** प्रेमी को लेकर मन में भ्रम रहेगा। प्यार पाने के लिए महंगे गिफ्ट खरीदेंगे। आज प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। प्रेमी को प्रभावित करने के लिए महंगे उपहार खरीदेंगे।

**मीन :** नए प्रेम संबंध बनेंगे। प्रेमी आपके बारे में क्या सोचता है इस बारे में मन उत्सुकता से भरा रहता है। परिवार में धार्मिक पूजा होने की संभावना है।

## चुटकुले

एक दिन चिंटू पंडित जी के पास गया
पंडित – तुम्हारी कुंडली में धन ही धन लिखा है
चिंटू – वो तो सब ठीक है पंडित जी लेकिन ये तो बताइए इस धन को बैंक में कैसे ट्रांसफर करुं
पंडित बेहोश।

---

रात में चिंटू को एक मच्छर ने काट लिया।
चिंटू गुस्से में रात भर मच्छर मारने के लिए उसके पीछे चप्पल लेकर भागता रहा, ऐसा करते–करते सुबह हो गई। फिर भी वह मच्छर को मार नहीं पाया।
चिंटू–चलो कोई बात नहीं, इसे मार तो नहीं पाया, लेकिन शुक्र है कि मैंने इसे रात भर सोने नहीं दिया।

---

मम्मी–चिंटू, तुम बहुत शरारती हो। बंदर जैसी हरकत करते–करते देखने में भी बंदर जैसे लगने लगे हो।
चिंटू–लेकिन मम्मी, पड़ोस वाली आंटी तो कहती हैं कि तुम बिल्कुल अपने पापा की तरह दिखते हो।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# रोहित-कोहली की होगी वापसी! बुमराह-गिल के कार्यभार पर चर्चा; अभिषेक-यशस्वी में किसे मिलेगा मौका ?



**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 19 से 25 अक्तूबर तक तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसके लिए टीम इंडिया का चयन जल्द ही किया जाएगा। प्रशंसकों को उम्मीद है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली इस सीरीज में वापसी करेंगे। दोनों खिलाड़ियों ने भारत के लिए आखिरी बार इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल खेला था।

चयनकर्ता वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रहे टेस्ट के दौरान वनडे टीम का चयन करेंगे लेकिन घोषणा मैच के बाद हो सकती है। हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत चोटों के कारण उपलब्ध नहीं होंगे जबकि एशिया कप और उसके तीन दिन के भीतर दो टेस्ट की सीरीज खेलने वाले टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को भी ब्रेक की जरूरत है। ऐसे में उन्हें वनडे या टी20 या दोनों से आराम दिया जा सकता है।

### गिल को मिला आराम तो कौन करेगा रोहित के साथ ओपनिंग?

अगर गिल को वनडे मैचों के लिए आराम दिया जाता है, तो रोहित के सलामी जोड़ीदार के रूप में अभिषेक शर्मा और यशस्वी जायसवाल जैसे दो बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से एक को चुना जा सकता है। इसी खास वजह से अभिषेक को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो लिस्ट ए मैच खेलने के लिए कहा गया था। हालांकि, पहले मैच में वह शून्य पर आउट हुए। उनकी बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी और मौजूदा फॉर्म उन्हें जायसवाल के बराबर खड़ा करती है।

रोहित और कोहली मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेले हैं और उन्होंने पिछले सात महीने में काफी मेहनत की है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक के अलावा आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में सर्वाधिक रन बनाए थे। वहीं, रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ विजयी पारी खेली। रोहित को कप्तानी से हटाने का भी कोई कारण नहीं है क्योंकि इस प्रारूप में वह काफी सफल रहे हैं। वह खुद बल्लेबाजी पर फोकस करने के लिए कप्तानी छोड़ना चाहें तो बात अलग है। दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप को देखते हुए उनके भविष्य पर भी बात होगी।

बीसीसीआई सूत्रों के अनुसार इस सत्र में सिर्फ छह वनडे खेले जाने हैं जिनमें तीन आस्ट्रेलिया में और तीन न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत में होंगे लिहाजा ठोस फैसला हड़बड़ी में नहीं लिया जा सकता।

# नीतीश रेड्डी ने फील्डिंग में दिखाई कमाल की फुर्ती, चंद्रपाल का पकड़ा शानदार कैच



**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के खिलाफ नीतीश रेड्डी को पहली पारी में भले ही बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला, लेकिन उन्होंने तीसरे दिन फील्डिंग में गजब की फुर्ती दिखाई। नीतीश ने वेस्टइंडीज की दूसरी पारी में तेगनारायण चंद्रपॉल का शानदार कैच पकड़ा जिसे देखकर हर कोई हैरान रह गया। भारत ने तीसरे दिन के खेल की शुरूआत से पहले अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित की और कुल 286 रनों की बढ़त ली।

### वेस्टइंडीज ने पहले ही सत्र में गंवाए पांच विकेट

भारत ने पहली पारी घोषित करने के बाद रवींद्र जडेजा की अगुआई में दूसरी पारी में शानदार गेंदबाजी की और पहले ही सत्र में वेस्टइंडीज की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया। लंच ब्रेक तक वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 66 रन बनाए हैं। फिलहाल टीम भारत से 220 रन पीछे चल रही है। भारत के लिए रवींद्र जडेजा ने बल्ले के बाद गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन किया है। जडेजा को अब तक तीन विकेट मिले हैं, जबकि मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला है। वेस्टइंडीज के लिए जॉन कैम्पबेल 14, तेगनारायण चंद्रपॉल 8, ब्रेंडन किंग 5, रोस्टन चेज 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए हैं। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी के दौरान मोहम्मद सिराज की गेंद पर नीतीश ने शानदार फील्डिंग की। सिराज की गेंद पर चंद्रपॉल ने शॉट लगाया और गेंद स्क्वायर लेग की तरफ गई जहां नीतीश खड़े थे। नीतीश ने कैच पकड़ने के लिए डाइव लगाई और शानदार कैच लेने में सफल हुए। इस विकेट ने भारत को ब्रेकथ्रू दिलाया जो काफी अहम साबित हुआ। इसके बाद वेस्टइंडीज ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए।

# चैंपियनशिप से पहले वजन बढ़ने से हो गईं थीं परेशान, खाना छोड़ा; कोच और बच्चों से मिली प्रेरणा



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप से पहले दो दिन तक मीराबाई खुद से लड़ाई लड़ रही थीं। उनका वजन काबू नहीं आ रहा था। उन्हें 48 किलो भार वर्ग में खेलना था और वजन 50 के आसपास था। नॉर्वे में कड़ाके की सर्दी थी और तापमान सात से नौ डिग्री सेल्सियस के बीच था। वजन कम नहीं होते देख मीरा ने दो दिन पहले ही खाने का त्याग कर दिया। मीरा अमर उजाला को बताती हैं कि उन्होंने अपने पूरे कॅरिअर में वजन कम करने को लेकर इस तरह कठिनाई नहीं देखी। उनके पास खाना छोड़ने के अलावा कोई चारा नहीं था। वह गला तर करने के लिए सिर्फ थोड़ा सा पानी और सूप ही ले रहीं थी। इसके बाद ही वह बमुश्किल 48 किलो पर पहुंचीं और कंपटीशन में उतरीं। बावजूद इसके उन्होंने 199 किलो वजन उठाया।

बीते वर्ष ही अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने भारवर्गों में फेरबदल किया था। मीरा बताती हैं कि उनके पास 48 और 53 किलो में ही खेलने के विकल्प थे। कोच की सलाह पर वह वापस 48 किलो में आईं, लेकिन यह आसान नहीं था। उनका शरीर 49 किलो के हिसाब से ढल चुका था। 48 किलो पर आना उनके लिए मुश्किल हो रहा था। इसके लिए उन्होंने पसंदीदा भोजन इरोंबा और चावल का भी त्याग कर दिया। उनकी डायटीशियन ने बोला उन्हें कार्बोहाइड्रेट बिल्कुल नहीं लेने हैं। उन्होंने यही किया। मीरा कहती हैं कि उनके लिए यह पदक बहुत बड़ा है। इसने उनके अंदर वापस विश्वास जगाया है कि वह कुछ कर सकती हैं। इसे वह अपने कोच विजय शर्मा और अपने परिवार को समर्पित करती हैं। उन्होंने ही पेरिस ओलंपिक के बाद उन्हें टूटने नहीं दिया और हौसला जगाकर रखा।

मीरा मोदीनगर अकादमी में छह से आठ के बच्चों के साथ अभ्यास करती हैं। मीरा कहती हैं कि इन बच्चों से भी वह सीखती हैं कि इतनी छोटी उम्र में वह अपना घर छोड़कर यहां वेटलिफ्टिंग सीखने आए हैं। वह 14 साल की थीं जब उन्होंने घर छोड़ा था। कंपटीशन से पहले की रात इन बच्चों का उनके पास वीडियो कॉल आया। ये बच्चे शुभकामनाएं देते हुए कह रहे थे, आप जरूर पदक जीतोगी। इनकी प्यारी आवाज उनके लिए प्रेरणा बन गई। मीरा बताती हैं कि रजत के लिए उन्हें अंतिम लिफ्ट में हर हाल में 115 किलो वजन उठाना था। कोच ने उनसे कहा, तुम्हें यह पदक हर हाल में लेना है। तुम अभ्यास में यह वजन आराम से उठाती हो।

# पेगुला चीन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी अमेरिकी, नवारो को हराया



**वाशिंगटन।** जेसिका पेगुला चीन ओपन टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अमेरिका की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। पेगुला ने एम्मा नवारो को हराया और अंतिम चार में जगह बनाई। पांचवीं वरीयता प्राप्त पेगुला ने शुरूआत में छह सेट प्वाइंट गंवाए, लेकिन अगले दो सेट में उन्होंने दबदबा बनाया और 6-7 (2), 6-2, 6-1 से जीत हासिल की। पेगुला का सामना अब लिंडा नोसकोवा से होगा जिन्होंने ब्रिटेन की सेनाय कार्टल को 6-3, 6-4 से हराया।

पेगुला ने कहा, 'मैंने खुद से कहा कि ज्यादा निराश मत हो और सिर्फ शांत बनी रहो। मैंने रिलेक्स होने की कोशिश की और गेम प्लान पर आगे बढ़ने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। इससे मुझे खुलकर खेलने का मौका मिला।' 20 साल की नोसकोवा डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चेक गणराज्य की युवा खिलाड़ी हैं। एक अन्य सेमीफाइनल में गत चैंपियन कोको गॉफ का सामना तीसरी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा से होगा।

# वेस्टइंडीज को रौंदकर भारत को हुआ फायदा, टॉप-2 के लिए अभी लड़नी होगी और लड़ाई



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखते हुए अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच को पारी और 140 रनों के बड़े अंतर से जीत लिया। यह जीत भारत ने मुकाबले के तीसरे ही दिन अपने नाम कर ली। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रन बनाकर घोषित की और वेस्टइंडीज पर 286 रनों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली थी। जवाब में मेहमान टीम पूरी तरह बिखर गई और शनिवार को पूरे दो सत्र भी नहीं टिक सकी। वेस्टइंडीज की दूसरी पारी 146 रन पर सिमट गई। इस शानदार जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

भारत ने पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज को हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में एक और महत्वपूर्ण जीत दर्ज की है। इस जीत के साथ टीम इंडिया ने न केवल अपने अंक बढ़ाए बल्कि अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मजबूती से जगह बना ली है। हालांकि, शीर्ष-दो के लिए अभी भारतीय टीम को और लड़ाई लड़नी है। ताजा स्थिति के अनुसार, भारत ने अब तक छह मुकाबले खेले हैं, जिनमें से तीन जीते, दो हारे और एक ड्रॉ रहा। इसके चलते भारत के पास कुल 40 अंक हैं और उसका अंक प्रतिशत 55.56% हो गया है। दूसरी ओर, वेस्टइंडीज के लिए यह हार बेहद निराशाजनक रही। टीम ने अब तक चार मुकाबले खेले हैं और सभी में हार झेली है। वेस्टइंडीज का खाता अब तक नहीं खुला और वह 0 अंक के साथ छठे पायदान पर है।

### दो सत्र में ही निपटी वेस्टइंडीज की पारी

इस मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दोनों पारी में खराब रही और तीनों दिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में एलिका अथानाजे ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद लौटे। वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दूसरी पारी में इतनी खराब रही कि टीम सिर्फ चार घंटे ही भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक सकी।

भारत के लिए अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इस मैच में बल्ले के बाद गेंद से भी दम दिखाया। जडेजा ने पहली पारी में नाबाद शतक लगाया था और दूसरी पारी में उन्होंने चार विकेट लिए। जडेजा का साथ सिराज ने निभाया और वह तीन विकेट अपने नाम करने में सफल हुए। वहीं, कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने दो और वाशिंगटन सुंदर को एक विकेट मिला। जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में एक भी सफलता हासिल नहीं कर सके। भारत और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा और अंतिम मुकाबला 10 अक्तूबर से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।

# चार घंटे में ही ढेर हुआ वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी क्रम, भारत ने आठवीं बार पारी के अंतर से हराया




**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में अपना दबदबा कायम रखा और पहले मैच में पारी और 140 रनों के अंतर से जीत दर्ज की। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने तीसरे दिन ही जीत हासिल कर ली। भारत ने दिन के खेल की शुरूआत से पहले अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 448 रन पर घोषित की थी और 286 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। वेस्टइंडीज की टीम शनिवार को पूरे दो सत्र भी बल्लेबाजी नहीं कर सकी और उसकी दूसरी पारी 146 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत ने इस तरह दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली है।

### भारतीय सरजमीं पर वेस्टइंडीज का खराब रिकॉर्ड

हाल के वर्षों में वेस्टइंडीज का भारतीय सरजमीं पर टेस्ट में रिकॉर्ड काफी खराब रहा है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच भारत में खेले गए पिछले पांच टेस्ट मैच की बात करें तो चार बार वेस्टइंडीज को पारी की हार झेलनी पड़ी है, जबकि एक मैच में भारत ने उसे 10 विकेट से हराया था। भारत ने कोलकाता में 2013 में खेले गए टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पारी और 51 रनों से हराया था। वहीं, 2013 में ही मुंबई में खेले गए मैच में भारतीय टीम ने पारी और 126 रनों से जीत दर्ज की थी। 2018 में राजकोट टेस्ट में भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 272 रनों से हराया था, जबकि उसी साल हैदराबाद टेस्ट में 10 विकेट से जीत दर्ज की थी। अब अहमदाबाद में भी वेस्टइंडीज की स्थिति नहीं बदली और उसे पारी की हार झेलनी पड़ी। दिलचस्प बात यह है कि ये सभी पांच मैच तीन दिन के अंदर ही खत्म हुए हैं। इस मैच में वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दोनों पारी में खराब रही और तीनों दिन भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा। वेस्टइंडीज के लिए दूसरी पारी में एलिका अथानाजे ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए, जबकि जस्टिन ग्रीव्स ने 25, जेडन सील्स ने 22, जोहान लेन ने 14, जॉन कैंबेल ने 14, तेगनारायण चंद्रपॉल ने 8, ब्रेंडन किंग ने 5, रोस्टन चेज ने 1 और शाई होप ने 1 रन बनाए। वहीं, खैरी पियरे 13 रन बनाकर नाबाद लौटे। वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दूसरी पारी में इतनी खराब रही कि टीम सिर्फ चार घंटे ही भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक सकी।

भारत के लिए अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने इस मैच में बल्ले के बाद गेंद से भी दम दिखाया। जडेजा ने पहली पारी में नाबाद शतक लगाया था और दूसरी पारी में उन्होंने चार विकेट लिए। जडेजा का साथ सिराज ने निभाया और वह तीन विकेट अपने नाम करने में सफल हुए।

### वेस्टइंडीज का बल्लेबाजी में निराशाजनक प्रदर्शन

भारत के लिए रवींद्र जडेजा और मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी की और चायकाल से पहले ही वेस्टइंडीज की पारी ढेर कर दी। दोनों टीमों के बीच टेस्ट सीरीज में यह 17वीं बार है जब कोई टीम पारी के अंतर से जीती है। इसमें से 20वीं सदी में वेस्टइंडीज ने नौ बार जीत दर्ज की है, जबकि 21वीं सदी में भारत ने सभी आठ मैच जीते हैं। यानी भारत ने वेस्टइंडीज को आठवीं बार पारी के अंतर से हराया है। वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी दोनों ही पारी में काफी खराब रही है। पिछली 15 पारियों को देखें तो वेस्टइंडीज सिर्फ दो बार 200 रन का आंकड़ा पार कर पाया है और इस दौरान उसका सर्वोच्च टोटल 253 का रहा है।

# कोहली ने लंदन में दिया था फिटनेस टेस्ट? मचे बवाल पर आखिरकार अगरकर ने तोड़ी चुप्पी





**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली इस महीने प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। दोनों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए चुना गया है। 19 से 25 अक्तूबर के बीच खेली जाने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम इंडिया का एलान किया। शुभमन गिल इस दौरे पर वनडे टीम की कमान संभालेंगे, जिसमें बतौर उपकप्तान श्रेयस अय्यर उनका साथ निभाएंगे। टीम चयन से पहले किंग कोहली के फिटनेस टेस्ट को लेकर सवाल उठे थे। इस पर अब चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि विराट ने तय मानकों को पूरा किया है।

अजीत अगरकर ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विराट कोहली और रोहित शर्मा की फिटनेस पर बात की। उन्होंने कहा कि कोहली और रोहित दोनों ने चयन से पहले जरूरी फिटनेस टेस्ट पूरे किए और फिट घोषित किए गए हैं। दरअसल, ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों ने बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में फिटनेस टेस्ट दिया था, जबकि विराट कोहली ने अपना फिटनेस टेस्ट लंदन में कराया था। इस पर सवाल उठे तो अगरकर ने कहा, 'जहां तक हमें जानकारी है, दोनों खिलाड़ियों ने फिटनेस टेस्ट दिए हैं और चयन के लिए तय मानकों को पूरा किया है। चयन से पहले हम खिलाड़ियों की फिटनेस रिपोर्ट सीओई से लेते हैं और सभी चुने गए खिलाड़ी फिट और उपलब्ध घोषित किए गए हैं।' रोहित और विराट कोहली दोनों ही इस टीम में हैं, लेकिन सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर। मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि रोहित और विराट दोनों ही 2027 वर्ल्ड कप को लेकर नॉन-कमिटल हैं।

# मुक्केबाज हुसामुद्दीन, भावना और पार्थवी ने जीते अपने-अपने मुकाबले; बीएफआई कप के अगले दौर में जगह बनाई



**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सेना के मोहम्मद हुसामुद्दीन ने बीएफआई कप एलीट पुरुष मुक्केबाजी टूनार्मेंट के पहले दौर में हर्ष को 5-0 से हराया। महिला वर्ग में अंडर 22 एशियाई कांस्य पदक विजेता भावना शर्मा (रेलवे) ने सिमरन को 48 से 51 किलोवर्ग में 3-2 से मात दी। वहीं, राजस्थान की पार्थवी ग्रेवाल ने रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने पर जीत दर्ज की। इस तरह हुसामुद्दीन, भावना और पार्थवी ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। इस टूनार्मेंट से स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को एलीट राष्ट्रीय शिविर में जगह मिलेगी।

# सिमरन और निशाद ने जीता सोना, भारत के खाते में अब छह स्वर्ण

**- प्रीति पाल और प्रदीप कुमार ने 200 मीटर और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीते।**





**नई दिल्ली।** निशाद कुमार और सिमरन शर्मा ने चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः ऊंची कूद और 100 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक जीता। प्रीति पाल और प्रदीप कुमार ने 200 मीटर और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीते। भारत के खाते में अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदक हो गए हैं। प्रतियोगिता में दो दिन और शेष हैं। भारत जापान के कोबे में हुई पिछली चैंपियनिशप के 17 पदकों के रिकॉर्ड से महज तीन पदक दूर है।

दिल्ली की सिमरन ने महिलाओं की टी-12 की 100 मीटर की रेस में 11.95 के अपने श्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन के साथ खिताब जीता। वह 200 मीटर की रेस में भी हिस्सा लेंगी। जापान में हुई पिछली चैंपियनशिप में उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 2024 पैरालंपिक में कांस्य पदक जीता था। चीन की लियांग (12.11) ने स्वर्ण और स्पेन की नागोरे ने कांस्य पदक जीता। समय से पहले साढ़े छह महीने की उम्र में जन्मी 25 वर्षीय सिमरन दृष्टिबाधित होने के कारण जेएलएन स्टेडियम में प्रशिक्षण लेती हैं। सिमरन छह महीने तक इनक्यूबेटर में थी और यह उसके पिता मनोज शर्मा ही थे जिन्होंने उन्हें खेल में आगे बढ़ने के लिए समर्थन दिया। हिमाचल के ऊना में रहने वाले निशाद के लिए यह दोहरी खुशी थी क्योंकि उन्होंने अपने 26वें जन्मदिन पर पुरुषों की ऊंची कूद टी-47 स्पर्धा जीती। जब वह छह साल के थे तो हादसे में घास काटने वाली मशीन में उन्हें दायां हाथ गंवाना पड़ा। उन्होंने 2.14 मीटर के प्रदर्शन के साथ एशियाई रिकॉर्ड बनाया। निशाद ने टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक में रजत और 2019 की विश्व चैंपियनशिप में कांस्य और 2023 में रजत पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर टी 35 के फाइनल में प्रीति ने 30.03 के साथ कांस्य पदक जीता। डिस्कस थ्रो में प्रदीप ने 46.23 मीटर के साथ कांस्य पदक लिया।

# क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के पुत्र वर्तुल का सगाई समारोह धूमधाम से संपन्न





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया के सुपुत्र वर्तुल का सगाई समारोह वेदांता फार्म हाउस में धूमधाम से संपन्न हुआ वर्तुल की सगाई नरेश तोमर की सुपुत्री जानवी के साथ हुई। इस शुभ अवसर पर समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया।

# राजनगर एक्सटेंशन में जीडीए का बुलडोजर एक्शन, फुटपाथ व सड़कों से हटे अतिक्रमण

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शनिवार को भी राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई जारी रखी। उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा-निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने फुटपाथ और चौड़ी सड़कों पर बने अवैध कब्जों को हटाया।
कार्रवाई का सबसे बड़ा केंद्र रहा वीवीआईपी मॉल क्षेत्र, जहां पहले दिन केवल आंशिक हिस्से से अतिक्रमण हट पाया था। शनिवार को अवशेष कब्जों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।
अधिकारियों ने साफ कहा कि यदि दोबारा सड़क या फुटपाथ पर कब्जा किया गया, तो और भी सख़्त कार्रवाई होगी।

## शराब की दुकान पर सील तोड़ने का मामला दर्ज कराने के निर्देश, दुकानदार को सख़्त चेतावनी





### मोरटी गांव में भी कार्रवाई

**करंट क्राइम।** मोरटी गांव के पास पुनः लग रहे धर्म कांटे को भी मौके पर हटवा दिया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी में अभियान शांतिपूर्वक पूरा कराया गया।

### प्राधिकरण का सख़्त संदेश

**करंट क्राइम।** जीडीए ने साफ कहा है कि दो दिन के भीतर जो लोग खुद से अतिक्रमण नहीं हटाएंगे, उनके सामान का नुकसान उनकी अपनी जिम्मेदारी होगी। इस अभियान में थाना पुलिस, प्राधिकरण पुलिस और प्रवर्तन टीम सहित भारी संख्या में जीडीए का स्टाफ मौके पर मौजूद रहा।

### शराब की दुकान पर विवाद

**करंट क्राइम।** राजनगर रेजीडेंसी के पास स्थित एक शराब की दुकान को शुक्रवार को सील किया गया था, लेकिन शनिवार को निरीक्षण में पाया गया कि दुकान संचालक ने सील तोड़ दी है। इस पर प्राधिकरण ने पुलिस को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही दुकान को खाली करने के आदेश दिए गए हैं। चेतावनी दी गई कि आगामी ध्वस्तीकरण अभियान में इसे भी शामिल किया जाएगा।





# राधा कुंज में धूमधाम से मनाई गई डांडिया नाइट



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राधा कुंज में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस अवसर पर निर्मला, बबीता , करिश्मा, दीपिका, रंजना और कई अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। डांडिया नाइट में लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर डांडिया खेलने का आनंद लिया। इस अवसर पर संगीत और नृत्य की धूम मची रही, जिससे पूरा माहौल गरमागरम हो गया।

डांडिया नाइट का आयोजन सामाजिक एकता और सामुदायिक भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर डांडिया खेलने का आनंद लिया और एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटीं। सुभाष राणा ने कहा कि राधा कुंज में आयोजित डांडिया नाइट कार्यक्रम अत्यधिक सफल रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और डांडिया खेलने का आनंद लिया। सुभाष राणा ने आयोजन समिति को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से सामुदायिक भावना और सामाजिक एकता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने की इच्छा जताई।

# एम.एम.एच. कॉलेज में कचरे से कंचन बनाने का हुनर

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** एम.एम.एच. कॉलेज में इंस्टिट्यूशनल इनोवेशन सेल और इको क्लब की ओर से 'वेस्ट मैनेजमेंट के सृजनात्मक आयाम' पर अंतर-महाविद्यालय प्रतियोगिता हुई। 87 प्रतिभागियों ने कबाड़ से आकर्षक मॉडल बनाकर रचनात्मकता का परिचय दिया।







**निर्णायक प्रो. आलोक जी व प्रो. जौहरी (आईटीएस, मोहन नगर) रहे।**

- **प्रथम स्थान** : पारुल (रॉयल कॉलेज ऑफ लॉ)
- **द्वितीय** : रिया (एल.आर. कॉलेज)
- **तृतीय** : आकांक्षा व रूपम (एम.एम.एच.)

सांत्वना पुरस्कार गुनगुन, आकांक्षा, हिना (एम.एम.एच.) और प्रियांश (रॉयल कॉलेज) को मिला।
कार्यक्रम का संचालन एकता कसाना ने किया। डॉ. रीमा उपाध्याय ने वेस्ट मैनेजमेंट का महत्व बताया, प्रो. अर्पणा मल्होत्रा ने इनोवेशन सेल की उपलब्धियाँ साझा कीं। प्राचार्य प्रो. संजय सिंह ने पर्यावरण संरक्षण में ऐसे आयोजनों की भूमिका पर बल दिया और विजेताओं को बधाई दी।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा के महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल ने अपनी ग्रैंड डॉटर प्रियंगी के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उन्होंने प्रियंगी के जन्मदिन पर अपने सभी समर्थकों शुभचिंतकों से उसके लिए आशीर्वाद की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

## न्यूज डायरी

### पाक में 4.5 तीव्रता का भूकंप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार तड़के 1 :59 बजे रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र के अनुसार भूकंप के केंद्र की गहराई 10 किलोमीटर में रही। इससे पहले 2 अक्तूबर को भी कराची में 3.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था। इसका केंद्र मलिर के उत्तर-पश्चिम में 7 किलोमीटर दूर था। खबर लिखे जाने तक विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। लगातार भूकंप के झटकों ने क्षेत्र में चिंता बढ़ा दी है। संबंधित एजेंसियां स्थिति की निगरानी कर रही हैं।

### रूस ने यूक्रेन के गैस संयंत्रों पर बड़े पैमाने पर हमले शुरू किए

**मास्को।** रूसी सेनाओं ने शुक्रवार को यूक्रेन के कई सैन्य ठिकानों और गैस ढांचों पर बड़े पैमाने पर हमले किए। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, मिसाइलों और लंबी दूरी के ड्रोन से रातभर चलाए गए हमलों में सभी निर्धारित लक्ष्य नष्ट कर दिए गए। यूक्रेन की सरकारी ऊर्जा कंपनी नाफ्तोगाज ने इसे देश के गैस स्थलों पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बताया, जिसमें खार्किव और पोलतावा क्षेत्रों में लगभग 35 मिसाइलें दागी गईं। कंपनी ने नुकसान को गंभीर बताया। इससे पहले, 7 सितंबर को रूस ने अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया था, जिसमें 800 से अधिक ड्रोन और मिसाइलें दागी गईं। इस हमले में कीव सहित कई शहरों को निशाना बनाया गया और दो लोगों, जिनमें एक शिशु भी शामिल था, की मौत हुई। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने कुल 810 ड्रोन, चार बैलिस्टिक और नौ क्रूज मिसाइलें छोड़ीं, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने हमलों को 'घृणित अपराध' बताया और कहा कि यह शांति प्रक्रिया को लंबा करने की कोशिश है। प्रधानमंत्री यूलिया स्विरीडेंको ने इसे बड़ा हमला बताया। उन्बोंने कहा कि इससे कीव, ओडेसा, ड्नीप्रो, क्रीमेनचुक और क्रिवी रीह सहित कई शहर प्रभावित हुए हैं।

### विक्रम मिस्री ने भूटानी पीएम से की मुलाकात, द्विपक्षीय व्यापार बढ़ने पर दिया जोर

**थिम्फू।** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने भूटान की राजधानी थिम्फू में प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्ष ने द्विपक्षीय संबंध, व्यापार और संपर्क को बढ़ाने पर जोर दिया। मिस्री शुक्रवार को भूटान पहुंचे थे। उनकी यह यात्रा इस सप्ताह पहले भारत और भूटान के बीच रेलवे लिंक की स्थापना के लिए हस्ताक्षरित अंतर-सरकारी समझौता (एमओयू) के बाद हुई। भूटान स्थित भारती दूतावास ने सोशल मीडिया पर लिखा, नियमित उच्च स्तरीय संवाद की परंपरा के अनुसार, विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को भूटान का दौरा किया। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग के मजबूत करने पर व्यापक चर्चा की। मिस्री ने अपने दौरे के दौरान भूटान के राजा जिग्मे खेसेर नामग्येल वांगचुक से भेंट की और प्रधानमंत्री तोबगे तथा विदेश मंत्री डी एन ढुंग्येल से भी मुलाकात की।

### त्रिनिदाद और टोबैगो में जयपुर फुट कैंप की साझेदारी से बनेगा कृत्रिम अंग केंद्र

**त्रिनिदाद।** त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने अपने देश में एक स्थायी कृत्रिम अंग केंद्र की स्थापना का एलान किया है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र जयपुर फुट कैंप के साथ साझेदारी के जरिये स्थापित होगा और इसका लाभ कैरीकॉम समुदाय को भी मिलेगा। प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने 3 अक्तूबर को कृत्रिम अंग फिटमेंट कैंप के उद्घाटन के दौरान यह एलान किया। भारत 100,000 अमेरिकी डॉलर कीमत की यह मशीनरी दान कर रहा है और इसके अतिरिक्त मशीनरी स्थापित करने के लिए 75,000 अमेरिकी डॉलर का अनुदान दे रहा है। पीएम प्रसाद-बिसेसर ने भारत को इस मानवीयता और उदारता के लिए धन्यवाद दिया। गौरतलब है कि इस पहल का वादा भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने इस साल जुलाई में अपनी त्रिनिदाद और टोबैगो यात्रा के दौरान किया था।

### मिस्र ने 20 साल बाद फिर से खोला फिरौन अमेनहोटेप तृतीय का मकबरा

**मिस्र।** मिस्र ने शनिवार को दक्षिणी शहर लक्सोर में स्थित एक फिरौन अमेनहोटेप तृतीय के प्राचीन मकबरे को 20 साल के लंबे जीर्णोद्धार के बाद आम लोगों के लिए फिर से खोल दिया। यह कदम काहिरा में मिस्र के भव्य संग्रहालय के औपचारिक उद्घाटन से पहले उठाया गया है। अमेनहोटेप तृतीय प्राचीन मिस्र के 18वें वंश के एक महान फिरौन थे, जिन्होंने 1390 ईसा पूर्व से 1350 ईसा पूर्व तक शासन किया। उन्हें अक्सर 'अमेनहोटेप द ग्रेट' कहा जाता है। उन्होंने किशोर अवस्था में गद्दी संभाली और करीब 38 साल तक शासन किया। यह विशाल मकबरा वैली ऑफ द किंग्स (राजाओं की घाटी) के पश्चिमी हिस्से में स्थित है। इसे 1799 में खोजा गया था, लेकिन इसके बाद इसे लूट लिया गया, जिसमें ताबूत भी शामिल था। इस मकबरे का नवीनीकरण जापानी विशेषज्ञों के नेतृत्व में तीन चरणों में हुआ। इसमें दीवारों पर बनी अमेनहोटेप और उनकी पत्नी की चित्रकारी को दिखाया गया है।

### तूफान से ब्रिटेन, आयरलैंड और स्कैंडिनेविया में जनजीवन प्रभावित, एक की मौत

**आयरलैंड।** ब्रिटेन, आयरलैंड और स्कैंडिनेविया को 'एमी' नाम के एक बड़े तूफान ने प्रभावित किया है। तूफान के कारण भारी बारिश हुई है और तेज हवाएं चली हैं। लंदन के मशहूर रॉयल पार्कों ने शनिवार को अपने गेट बंद कर दिए। तूपना के कारण सड़क रेल और समुद्री यात्रा में बाधाएं आईं। वहीं, आयरलैंड और नॉर्दर्न आयरलैंड में दो लाख से अधिक घर बिना बिजली के रह गए और शुक्रवार उत्तर पश्चिम आयरलैंड के लेटरकेनी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मौसम से जुड़े हादसे के कारण व्यक्ति की मौत हुई। हालांकि, उसने अधिक जानकारी नहीं दी। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने कहा कि स्कॉटलैंड के पश्चिमी तट के निकट टाइरी द्वीप पर शुक्रवार को 154 किलोमीटर प्रति घंटे की तेज हवा दर्ज की गई। स्कॉटलैंड में कई फेरी सेवाएं बंद कर दी गईं और सड़कों व रेल लाइनों पर पेड़ गिरने से रुकावटें आ गईं।

### इटली : भीषण सड़क दुर्घटना में दो भारतीयों की मौत

**इटली।** इटली के ग्रोसेटो में शुक्रवार सुबह हुई सड़क दुर्घटना में दो भारतीयों सहित तीन लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी अंसा के अनुसार, ऑरेलिया स्टेट रोड पर एक वैन और नौ सीट वाली मिनीबस में टक्कर हुई। हादसे में बच्चों सहित पांच लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इटली में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि मृतक नागपुर के भारतीय नागरिक थे।

### थाईलैंड : राजनेता की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**बैंकॉक।** बैंकॉक की एक कोर्ट ने कंबोडिया के एक विपक्षी राजनेता की गोली मारकर हत्या करने के जुर्म में थाईलैंड के एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कंबोडिया नेशनल रेस्क्यू पार्टी के पूर्व विधायक लिम किमया की 7 जनवरी को बैंकॉक में हत्या कर दी गई थी। थाई नागरिक एक्कलाक फीनोई को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और उसने कबूल किया था कि उसे हत्या के लिए किराए पर लिया गया था।

### कनाडा : गोलीबारी के बाद दक्षिण एशियाई फिल्मों की स्क्रीनिंग रद्द

**कनाडा।** कनाडा के टोरंटो के पश्चिम में ओकविल के एक सिनेमा कंपनी ने पिछले सप्ताह हुई गोलीबारी और आगजनी के प्रयास के बाद सभी दक्षिण एशियाई फिल्मों की स्क्रीनिंग रद्द करने का एलान किया है। फिल्म.सीए सिनेमाज ने बताया कि 25 सितंबर को आगजनी की कोशिश और बृहस्पतिवार सुबह बंद थिएटर पर गोलीबारी हुई। हालांकि, इसमें कोई घायल नहीं हुआ। सिनेमा के सीईओ जेफ नॉल ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### भारतीय राजदूत क्वात्रा की अमेरिकी सांसद से मुलाकात; कई अहम मुद्दों पर चर्चा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को नॉर्थ कैरोलाइना के रिपब्लिकन सांसद ग्रेग मर्फी से मुलाकात की और हालिया घटनाक्रम सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि बातचीत में व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया गया। उन्होंने विशेष रूप से अमेरिका में कानूनी गतिशीलता (लीगल मोबिलिटी) को स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी और शोध जैसे क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक लाभकारी बताया। क्वात्रा ने कहा कि दोनों पक्षों ने मिलकर संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर सहमति जताई। क्वात्रा लगातार अमेरिकी नेताओं से मुलाकात कर भारत-अमेरिका रिश्तों को मजबूती देने के प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले 19 सितंबर को उन्होंने रिपब्लिकन नेता स्टीव स्केलिस से भी मुलाकात की थी। उस बैठक में भी दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी।

# नहीं थम रहे यूक्रेन पर रूसी हमले: ट्रेन पर भीषण बमबारी 30 घायल; बिजली नेटवर्क पर हमले से 50000 घर अंधेरे में

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे संघर्ष में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। वहीं लाखों लोगों को बेघर होना पड़ा। दूसरी ओर ज्यादा ध्यान देने वाली बात ये भी है कि इस संघर्ष के जल्द खत्म होने के अभी दूर-दूर तक कोई आसार भी नहीं दिख रहे है। ऐसे में एक बार फिर रूस ने यूक्रेन पर जोरदार हमला किया। रूसी ड्रोन हमले में यूक्रेन के सुमी क्षेत्र के एक रेलवे स्टेशन पर कम से कम 30 लोग घायल हो गए हैं। इस बात की जानकारी यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर जेलेंस्की ने दी।

उन्होंने इस हमले को क्रूर बताते हुए कहा कि संघर्ष की शुरूआत से ही रूस ने बार-बार यूक्रेन की रेलवे लाइन को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि अब तक कम से कम 30 लोग घायल हुए हैं, जिनमें यात्री और रेलवे कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया जिसमें एक ट्रेन के डिब्बे को आग में जलते हुए दिखाया गया है। जेलेंस्की ने कहा कि रूसियों को पता था कि वे नागरिकों पर हमला कर रहे हैं। यह हमला रूस की सीमा से करीब 50 किलोमीटर दूर हुआ।



#### रूस ने यूक्रेन की बिजली कंपनी को भी बनाया निशाना

इससे ठीक पहले रूस ने यूक्रेन की बिजली नेटवर्क को निशाना बनाया, जहां उसने खुब ड्रोन और मिसाइलें दागी। यूक्रेन की उर्जा कंपनी ने बताया कि ये हमला शुक्रवार रात से लेकर शनिवार की सुबह तक होता रहा, जो कि यूक्रेन की प्राकृतिक गैस सुविधाओं पर अब तक का सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है।

#### रूस ने दागी 381 ड्रोन और 35 मिसाइलें

यूक्रेनी वायु सेना के अनुसार, रूस ने शुक्रवार को कुल 381 ड्रोन और 35 मिसाइलें दागीं। अधिकारियों का कहना है कि इसका मकसद सर्दियों से पहले यूक्रेन के बिजली नेटवर्क को नुकसान पहुंचाना और युद्ध के प्रति जनता का समर्थन कमजोर करना है। बता दें कि इससे ठीक एक दिन पहले रूस ने यूक्रेन की प्राकृतिक गैस कंपनी नाफ्तोगाज की सुविधाओं पर सबसे बड़ा हमला किया था। नाफ्तोगाज के सीईओ सेर्ही कोरेटस्की ने कहा कि ये हमले सैन्य उद्देश्य के लिए नहीं थे।

#### 50000 घरों की बिजली हुई गुल

रूस के इस भीषण हमले में चेरनिहिव के पास ऊर्जा केंद्रों को नुकसान पहुंचा, जो रूस की सीमा के करीब उत्तर में एक शहर है। इस वजह से लगभग 50,000 घरों में बिजली गुल हो गई, जैसा कि क्षेत्रीय बिजली ऑपरेटर चेरनिहिवोब्लेनेरगो ने बताया। चेरनिहिव की सैन्य प्रशासन के प्रमुख दिमित्रो ब्रीजिन्स्की ने कहा कि शहर में रात के समय हुए हमले से कई आग लग गई, लेकिन उन्होंने तुरंत यह नहीं बताया कि क्या नुकसान हुआ है।

वहीं इन हमलों को लेकर यूक्रेन की प्रधानमंत्री यूलिया स्विरिडेंको ने रूस पर नागरिकों को आतंकित करने का आरोप लगाया। रूस का कहना है कि ये हमले कीव के युद्ध प्रयासों को समर्थन देने वाली सुविधाओं को निशाना बना रहे हैं। शुक्रवार रात से शनिवार की सुबह तक, रूस ने 109 और ड्रोन और 3 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी सेना ने बताया कि उनमें से 73 ड्रोन को मार गिराया गया या भटकाया गया।

गौरतलब है कि फरवरी 2022 में रूस के हमले के बाद से हर साल सर्दियों के करीब रूस यूक्रेन के बिजली नेटवर्क पर हमले करता है। यूक्रेन का कहना है कि इसका मकसद सर्दियों में लोगों को गर्माहट, बिजली और पानी से वंचित करना है। हाल ही में, रूस ने यूक्रेन के बिजली नेटवर्क के साथ-साथ उसके रेलवे नेटवर्क पर भी हमले तेज कर दिए हैं, जो सैन्य परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है।

# 85 की उम्र में मुथारिका दोबारा बने मलावी के राष्ट्रपति



**मलावी।** मलावी में राजनीति की बड़ी वापसी करते हुए 85 वर्षीय पीटर मुथारिका ने एक बार फिर देश के राष्ट्रपति पद की शपथ ली। भारी आर्थिक संकट, महंगाई और खाद्य-संकट से जूझ रहे देश को संभालने की चुनौती अब उनके कंधों पर है। मुथारिका ने हाल ही में हुए राष्ट्रपति चुनाव में 56% वोटों के साथ जीत हासिल की। उन्होंने लाजारस चकवेरा को हराया, जिन्हें सिर्फ 33% वोट मिले। शपथ लेते हुए मुथारिका ने कहा कि दूध, शहद का वादा नहीं करूंगा, लेकिन मेहनत जरूर करूंगा।

शपथ ग्रहण समारोह मलावी की वाणिज्यिक राजधानी ब्लैंटायर के कामुजु स्टेडियम में आयोजित हुआ, जहां हजारों लोग शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति चकवेरा शपथ समारोह में शामिल नहीं हुए, लेकिन उनकी पार्टी ने शुभकामनाएं भेजीं। बता दें कि मलावी इस समय गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है, जहां महंगाई, ईंधन और खाने की कमी लोगों की परेशानियों को बढ़ा रही है। ऐसे में दोबारा राष्ट्रपति बने मुथारिका ने कहा कि हमारा देश संकट में है, न खाना है, न विदेशी मुद्रा। उन्होंने कहा कि हम देश को सुधारेंगे। मैं दूध-शहद का वादा नहीं करता, लेकिन मेहनत का जरूर करता हूं।

#### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दी बधाई

मुथारिका ने बताया कि उन्हें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बधाई संदेश मिला है। जल्द ही मलावी का एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका जाएगा, ताकि वहां की कटौती की गई आर्थिक सहायता को लेकर बातचीत की जा सके।

#### भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का किया वादा

येल यूनिवर्सिटी से पढ़े कानून विशेषज्ञ मुथारिका ने भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई का वादा किया। हालांकि, उनके पहले कार्यकाल में भी उन पर घोटालों के आरोप लगे थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से निवेश की अपील की और कहा कि मलावी को दान नहीं, साझेदारी चाहिए। इसके साथ ही मुथारिका ने उन्होंने अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ का भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों में साथ देने के लिए धन्यवाद दिया।

#### समझिए कैसे हुई राजनीति में वापसी?

गौरतलब है कि मुथारिका पहले भी 2014 से 2020 तक मलावी के राष्ट्रपति रह चुके हैं। लेकिन 2019 में हुए चुनाव में जीत के बावजूद कोर्ट ने गड़बड़ियों के चलते नतीजे रद्द कर दिए थे और 2020 में फिर से चुनाव कराने का आदेश दिया गया था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में अब फिर से 85 साल में मालवी के राष्ट्रपति बने मुथारिका पर आर्थिक संकट से जुझ रहे देश को आगे लाने की जिम्मेदारी है।

# खत्म हो जाएगा गाजा युद्ध?: ट्रंप के योजना के तहत इस्राइली सेना ने भी तेज की तैयारी; बंधकों की रिहाई पर जोर



**इस्राइल।** इस्राइल और हमास के बीच 23 महीनों से चल रहे संघर्ष में गाजा की स्थिति दिन-प्रतिदिन और भयावह होती जा रही है। ऐसे में इस संघर्ष से संबंधित एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां इस्राइली सेना का कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा युद्ध समाप्ति योजना के पहले चरण की तैयारी तेज कर दी गई है। इस योजना के तहत सभी बचे हुए बंधकों को छुड़ाया जाएगा। इस्राइल के नेताओं ने सेना को इस बात को लेकर तैयारी तेज करने का आदेश दिया है। मामले में एक अधिकारी ने बताया कि गाजा में अब इस्राइल केवल रक्षात्मक स्थिति में रहेगा और सक्रिय हमले नहीं करेगा, लेकिन सैनिकों को हटाया नहीं गया है।

बता दें कि इस्राइल के तरफ से यह घोषणा ट्रंप के उस आदेश के कुछ घंटे बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि गाजा पर बमबारी रोक दी जाए क्योंकि हमास ने उनकी योजना के कुछ हिस्से स्वीकार कर लिए हैं। ट्रंप ने हमास के बयान का स्वागत करते हुए कहा कि मुझे लगता है वे स्थायी शांति के लिए तैयार हैं।

मामले में ट्रंप ने युद्ध को खत्म करने और बंधकों को लौटाने का वादा किया है, जो इस महीने की मंगलवार को हमले की दूसरी वर्षगांठ से पहले पूरा करना चाहते हैं। उनकी योजना को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इसे मंजूरी दी है।

मामले में नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा था कि इस्राइल इस युद्ध को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो हमास के अक्तूबर 2023 के हमले के बाद शुरू हुआ था। उन्हें अमेरिकी प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय दबाव के कारण इस योजना के लिए तैयार होना पड़ा। एक अधिकारी ने कहा कि वार्ता टीम जल्द ही यात्रा के लिए तैयार हो रही है, लेकिन तारीख तय नहीं हुई है।

मिस्र के अधिकारी ने मामले में क्या कहा?

मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बंधकों की रिहाई और इस्राइल की जेलों में बंद सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई के लिए बातचीत चल रही है। अरब मध्यस्थ फलस्तीनियों के बीच एक व्यापक संवाद की भी तैयारी कर रहे हैं, ताकि गाजा के भविष्य पर एकजुट भूमिका बन सके।

#### हमास ने भी जताई सहमति

गौरतलब है कि इससे पहले शनिवार को गाजा के दूसरे सबसे शक्तिशाली मिलिशिया संगठन फलस्तीन इस्लामिक जिहाद ने भी हमास की ट्रंप योजना पर सहमति जताई, जबकि कुछ दिन पहले उसने इसे अस्वीकार किया था। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि लगभग दो साल के इस इस्राइल-हमास युद्ध में अब तक 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे करीब आधे हैं। यह आंकड़ा सबसे विश्वसनीय माना जाता है। फिलहाल, ट्रंप की योजना के तहत हमास तीन दिनों में 48 बचे हुए बंधकों को छोड़ देगा, जिनमें से करीब 20 जिंदा माने जाते हैं। इसके अलावा, हमास को सत्ता छोड़नी होगी और हथियार डालने होंगे। बदले में इस्राइल अपनी सैन्य कार्रवाई बंद करेगा, कई क्षेत्रों से पीछे हटेगा, सैकड़ों कैदियों को रिहा करेगा और मानवीय मदद तथा पुनर्निर्माण की अनुमति देगा।

हालांकि, हमास ने हथियार डालने पर कोई स्पष्ट बात नहीं की है और कुछ मुद्दों पर फलस्तीनियों के बीच आगे सलाह-मशविरा जारी है।

# अमेरिका ने कोलंबिया के राष्ट्रपति को घेरा, कहा मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ करें कार्रवाई

**यूएन।** अमेरिका ने शुक्रवार को कोलंबिया के राष्ट्रपति पर स्थायी शांति की दिशा में हो रही प्रगति को कमजोर करने का आरोप लगाया और नसीहत दी कि उनकी सरकार नार्को-आतंकवादी समूहों की ओर से जारी हिंसा और मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने को प्राथमिकता दें।



अमेरिक के राजदूत माइक वाल्ट्ज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में कहा कि कोलंबिया और विश्व भर में राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो की नीतियां स्पष्ट रूप से गैरजिम्मेदाराना और विफलता वाली हैं, इसके कारण देश में अस्थिरता और हिंसा बढ़ी है।

बीते हफ्ते अमेरिका और कोलंबिया के बीच संबंध उस समय और भी खराब हो गए जब वामपंथी नेता पेत्रो ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनियाभर के नेताओं की वार्षिक सभा के दौरान फलस्तीन समर्थक विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। इस विरोध प्रदर्शन के बाद अमेरिक के विदेश विभाग ने पेत्रो का वीजा रद्द कर दिया।

पेट्रो ने अमेरिका के प्रत्यर्पण अनुरोधों को अस्वीकार करके अमरेरिका को नाराज कर दिया है। कोलंबिया ने ट्रंप प्रशासन की ओर से की गई आव्रजन कार्रवाई और पड़ोसी वेनेजुएला में मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने की पहल की भी आलोचना की है। सुरक्षा परिषद की यह बैठक ऐसे समय में हुई जब ट्रंप प्रशासन ने कैरिबियन में नावों पर अपने चौथे घातक हमले की घोषणा की। इन नावों के बारे में कहा गया कि वे नशीले पदार्थों की तस्करी कर रही थीं। पेट्रो ने अमेरिका पर हत्या करने का आरोप लगाया और कहा कि नावों पर कोई नार्को-आतंकवादी नहीं थे, बल्कि गरीब कैरिबियाई युवा थे। वाल्ट्ज ने इस बात पर कड़ी असहमति जताई। अमेरिकी राजदूत ने कहा, हाल के महीनों में, कोलंबिया सुरक्षा बलों और नागरिकों पर मादक पदार्थों के आतंकवादी समूहों की ओर से किए गए हमलों से हिल गया है। उन्होंने आगे कहा, इन हथियारबंद समूहों की ओर से की जा रही हिंसा और मादक पदार्थों की तस्करी, अगर अनियंत्रित छोड़ दी गई, तो फैल सकती है और कोलंबियाई लोगों, क्षेत्र के सभी लोगों और निश्चित रूप से अमेरिकियों की सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है।

# क्वांटम कंप्यूटिंग में मिलकर काम करेंगे भारत-ब्रिटेन, कीर स्टार्मर की मुंबई यात्रा में इस पर फोकस

**ब्रिटेन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर अगले सप्ताह भारत दौरे पर आ रहे हैं। अपनी इस यात्रा में स्टार्मर मुंबई पहुंचेंगे, जहां वे पीएम मोदी के साथ फिनटेक फेस्ट 2025 में शामिल होंगे। भारत ब्रिटेन में अब तकनीक के क्षेत्र में भी तेजी से सहयोग बढ़ रहा है। इसी के तहत दोनों देश अब क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाएंगे। इंपीरियल कॉलेज लंदन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे के बीच क्वांटम कंप्यूटिंग और जैव प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके किसानों को जलवायु परिवर्तन के प्रति अधिक प्रतिरोधी फसलें उगाने में मदद करने हेतु एक शोध सहयोग हो रहा है। भारत-ब्रिटेन के बीच यह क्वांटम कंप्यूटिंग सहयोग का एक प्रमुख क्षेत्र बनकर उभरा है।



यह परियोजना भारत-ब्रिटेन प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल (टीएसआई) का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की मात्रा को बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए सूखे तथा जलवायु-संवेदनशील क्षेत्रों में फसलों की पैदावार बढ़ाना है। भारत और ब्रिटेन के बीच पिछले साल टीएसआई समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। मंगलवार को मुंबई में शुरू होने वाले ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कीर स्टार्मर की बातचीत के एजेंडे में टीएसआई पर भी चर्चा होगी। इंपीरियल कॉलेज लंदन के अध्यक्ष, प्रोफेसर ह्यूग ब्रैडी भी कीर स्टार्मर के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं।

ब्रिटिश विश्वविद्यालयों और भारतीय विश्वविद्यालयों के बीच सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हो सकती है। इंपीरियल कॉलेज के डॉ. पो-हेंग ली और आईआईटी बॉम्बे के डॉ. इंद्रजीत चक्रवर्ती के नेतृत्व वाली एक टीम पहले से ही मिट्टी में पौधों और जीवाणुओं के बीच जटिल अंतःक्रियाओं का मॉडल बनाने के लिए क्वांटम कंप्यूटिंग पर काम कर रही है। यह परियोजना इंडिया कनेक्ट फंड द्वारा वित्त पोषित है, जो बंगलूरू स्थित विश्वविद्यालय के नए विज्ञान केंद्र - इंपीरियल ग्लोबल इंडिया की एक प्रमुख पहल है। यह फंड इंपीरियल और भारत में अपने साझेदारों के बीच कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी और स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में हर साल 25 संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को सहायता प्रदान करता है।

# स्पेन, इटली और पुर्तगाल में फलस्तीन के लिए बढ़ा समर्थन, इस्राइल के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों की तैयारी

**स्पेन।** स्पेन, इटली और पुर्तगाल ने शनिवार को गाजा में इजराइल के युद्ध के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों की तैयारी शुरू कर दी है। स्पेन के मैड्रिड और बार्सिलोना में कई हफ्तों से विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया जा रहा है, जतबिक रोम और लिस्बन में भी प्रदर्शन का आह्वान किया गया है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब इस्राइल ने बार्सिलोना से निकलने वाले एक जहाज को रोका, जो मानवीय मदद लेकर जा रहा था। यह जहाज फलस्तीनी क्षेत्र की नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश कर रहा था।

इटली में शुक्रवार को रैली आयोजित की गई, जिसमें 20 लाख से ज्यादा लोग शामिल हुए। गाजा के निवासियों के समर्थन में देशव्यापी एक दिवसीय हड़ताल रही। हाल के हफ्तों में स्पेन में फलस्तीनियों के लिए समर्थन बढ़ा है, जबकि स्पेन की सरकार बेंजामिन नेतन्याहू की दक्षिणपंथी सरकार के खिलाफ कूटनीतिक प्रयासों को तेज कर रही है। पिछले महीने स्पेन में आयोजित वेल्टा साइकिल प्रतियोगिता में इस्राइली की टीम की मौजूदगी के खिलाफ प्रदर्शन हुए। स्पेन के प्रधानमंत्री पेद्रो सांचेज ने गाजा में हुई तबाही को जनसंहार बताया और सभी इस्राइली टीमों पर अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में प्रतिबंध लगाने की मांग की। सात अक्तूबर को हमास ने दक्षिण इस्राइल पर हमले किए थे। जिसमें 1,200 लोग मारे गए और ढाई सौ से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया। इसके बाद इस्राइल ने जवाबी सैन्य कार्रवाई शुरू की। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, तबसे अब तक गाजा में 67 हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं और करीब 1,70,000 घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियां और कई स्वंतत्र विशेषज्ञ इन आंकड़ों को सबसे विश्वसनीय अनुमान मानते हैं।



दक्षिण यूरोप में विरोध प्रदर्शनों का आह्वान ऐसे समय में किया जा रहा है, जब हमास ने कहा कि उसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की युद्ध खत्म करने की योजना के कुछ हिस्सों को स्वीकार कर लिया है। यह युद्ध करीब दो साल से जारी है।

# जनरल वीके सिंह से मिलने के लिए उत्साहित होकर पहुंचे भाजपाई



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। शनिवार को मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह गाजियाबाद आए। जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से दो बार लोकसभा सांसद रहे हैं और उनके आवास राजनगर में आने की सूचना पहले से ही सभी को दी गई थी। शनिवार को जनरल वीके सिंह से मिलने के लिए उनके राजनगर स्थित आवास पर भाजपा के कई नेता और समाज के गणमान्य लोग पहुंचे।

## महापौर सुनीता दयाल ने किया कैला भट्टा नगर निगम भूमि का निरीक्षण, बाउंड्री और दुकानों का कार्य होगा शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को नगर निगम अधिकारियों के साथ कैला भट्टा स्थित मरकज मस्जिद के पास नगर निगम की भूमि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपाई कर भूमि की बाउंड्री के लिए चिन्हित स्थल का काम किया गया और जल्द ही दीवार निर्माण का कार्य शुरू होगा।

महापौर ने बताया कि यह 5500 वर्गमीटर भूमि पहले हाजी खलील के कब्जे में थी, जिसे पूर्व में महापौर की उपस्थिति में खाली कराया गया था। अब नगर निगम ने इस भूमि पर लगभग 15 दुकानों का निर्माण शुरू किया है, जो स्थानीय लोगों के उपयोग में आएंगी और नगर निगम की आय में वृद्धि करेंगी।





स्थानीय लोगों की सुविधा और व्यापार को बढ़ावा देने के साथ–साथ आस्था का ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य किया जाएगा। यह भूमि अब सभी के उपयोग में सुरक्षित रहेगी।
सुनीता दयाल, महापौर गाजियाबाद

### बैंकेट हॉल का भी होगा निर्माण

**करंट क्राइम :** महापौर सनुीता दयाल ने कहा कि मुस्लिम समाज की आस्था का ध्यान रखते हुए मस्जिद के लिए रास्ता और वजूखाना भी बनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त खाली पड़ी भूमि पर स्थानीय लोगों के लिए बैंकेट हॉल का निर्माण भी होगा, जिससे शादी विवाह जैसी सामाजिक गतिविधियों के लिए साफ–सुथरी और सुरक्षित जगह उपलब्ध होगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता एन.के. चौधरी, संपत्ति अधिकारी पल्लवी सिंह, जोनल प्रभारी आरपी सिंह, अवर अभियंता सुनील, कानूनगो/लेखपाल कौशिक व परिवर्तन दल के अधिकारी उपस्थित रहे।



## वसुंधरा जोनल कार्यालय पर गृहकर वृद्धि के विरोध में सत्याग्रह





**साहिबाबाद (करंट कराई)।** वसुंधरा स्थित नगर निगम जोनल कार्यालय पर शनिवार को सत्याग्रह एवं उपवास धरना का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रांस हिंडन क्षेत्र की विभिन्न सामाजिक संस्थाएँ, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में शामिल हुए। उन्होंने नगर निगम द्वारा की गई अत्याधिक गृहकर वृद्धि के विरोध में अपनी एकजुटता का परिचय दिया।

धरने के दौरान नागरिकों की ओर से सुनील राय, जोनल प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें सर्किल रेट आधारित गृहकर वृद्धि को तत्काल निरस्त करने तथा वर्ष 2024-25 की पुरानी कर दरें ही लागू रखने की माँग की गई। इस दौरान अमित किशोर, संतोष शर्मा, रवि त्रिपाठी, भूपेन्द्र नाथ एवं कुसुमलता शर्मा ने अन्न-जल त्याग कर अनशन किया, जबकि अनिल शर्मा, पंचम चौधरी ने उपवास रखकर सत्याग्रह में भाग लिया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से दीपक कुमार, दिलीप कुमार, सुनील अग्रवाल, जय दत्त, राजीव शर्मा, दिनेश कुशवाहा, रोहित गुप्ता, सौरभ जैन, संदीप भारती, अक्षय शर्मा, गिरीश शर्मा और अन्य शामिल रहे। सभी प्रतिभागियों ने कहा कि यदि नगर निगम द्वारा प्रस्तावित गृहकर वृद्धि वापस नहीं ली गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। अमित किशोर ने नगर निगम गाजियाबाद द्वारा की गई अत्याधिक गृहकर वृद्धि के विरोध में सत्याग्रह एवं उपवास धरना में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि यह वृद्धि जनता के साथ अन्याय है और इसे वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वही अन्य नागरिकों के साथ मिलकर जोनल प्रभारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सर्किल रेट आधारित गृहकर वृद्धि को तत्काल निरस्त करने और वर्ष 2024-25 की पुरानी कर दरें ही लागू रखने की माँग की गई।

इस अवसर पर अमित किशोर ने अन्न-जल त्याग कर अनशन किया और सरकार से मांग की कि वह जनता की बात सुने और गृहकर वृद्धि को वापस ले।




## फिर चलना चाहिए कार में बार अभियान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार नए अभियान और मिशन चलते रहते हैं। बीते कुछ दिनों से मिशन शक्ति अभियान का बोलबाला है लेकिन अब नवरात्र वाला सीजन समाप्त हो चुका है, तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कार में बार वाला अभियान फिर से शुरू होना चाहिए। नवरात्रि बीतते ही कुछ ऐसे स्थानो पर अवैध रूप से रात वाले कार्यक्रम शुरू हो गए हैं एक थाना अध्यक्ष ने अपने इलाके के सबसे बड़े रात वाले अड्डे पर होर्डिंग तो लगा दिए हैं पर खेल खुला अभी चल रहा है। वही सिटी में भी कई सर्किल और नदिया पार का भी हाल एक जैसा ही है कार के अंदर बार वाला सीन हर जोन में नजरआ रहा है । तस्वीरें, नजारे बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इस अभियान को फिर चलाना चाहिए। इस अभियान में अब तो ट्रैफिक पुलिस को भी शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि यहां अब डीसीपी स्तर केअधिकारी आ गए हैं। तो वहीं दोनों ही नंबर दो वाले अधिकारी अपनी–अपनी भूमिका भी कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में दिखा रहे हैं। पर सवाल उठ रहा है कि जिस तरीके से तीनों जोन में पुलिस के अधिकारियों की मॉनिटरिंग होनी चाहिए क्या वह नहीं हो रही है। सवाल यह उठ रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ दिनों से सड़क हादसों में इजाफा हुआ है। तो वहीं जिस तरह से फिर के बार वाले मामले तेज हो रहे हैं ,इसमें नशा भी कारण बताया जा रहा है लेकिन रात को शराब पीकर हंगामा मचाने वालों पर पुलिस का कोई एक्शन नहीं हो रहा है। इसके साथ ही बीते दिनों कमिश्नरेट में आदेश जारी किया गया है की काली फिल्म ,परदे को लेकर अभी तक कोई प्लानिंग और एक्शन सड़कों पर होती नजर नहीं आ रही है केवल विज्ञप्ति छपवाने का प्रयास हुआ बताया जा रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शुरूआती महीना में जिस तरीके से पुलिस अधिकारियों पर निर्देशन हो रहा था, ऐसा अब कम होना दिख रहा है। इसी का नतीजा है कि तमाम जोन में अधिकारियों की मनमर्जी वाला रवैया चल रहा है। जो पुलिस कमिश्नरेट के साथ ही गाजियाबाद की पुलिसिंग के लिहाज से ठीक नहीं कहा जाना चाहिए। कुल मिलाकर देखना होगा कि अब नवरात्र खत्म होने के बाद जिस तरीके से रात में तमाम जगहों पर कार में बार वाला कार्यक्रम चल रहा है, उसको लेकर पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद में ट्रैफिक से लेकर सिविल पुलिस के अधिकारी कब एक्टिव मोड पर आते हैं। कब कारवाइयों वाला अभियान चलाया जाता है ,यह देख जाना भी खास रहेगा।



## जीएसटी अभियान के तहत व्यापारी सम्मेलन में गूंजा स्वर – 'जीएसटी में मिली राहत, धन्यवाद मोदी सरकार'

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी महानगर गाज़ियाबाद द्वारा शनिवार को जीएसटी अभियान के अंतर्गत व्यापारी सम्मेलन का आयोजन चांसलर क्लब, चिरंजीव बिहार में किया गया। कार्यक्रम का संचालन पार्षद मनोज त्यागी ने किया। इस अवसर पर व्यापार जगत से जुड़े सैकड़ों प्रतिनिधियों और व्यापारी मंडल पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान बार-बार एक ही स्वर गूंजा – जीएसटी में मिली राहत, धन्यवाद मोदी सरकार।






### विशेषज्ञों और व्यापारी नेताओं की राय

**करंट क्राइम।** जीएसटी अधिवक्ता शिवकुमार गुप्ता ने तकनीकी सत्र में जीएसटी कानून की बारीकियाँ बताते हुए कहा कि नियमित रिटर्न फाइलिंग और पारदर्शी लेन–देन से व्यापारी वर्ग को सरकारी सुरक्षा और साख दोनों मिलती हैं। व्यापारी नेता अतुल जैन ने कहा कि मोदी सरकार ने समय–समय पर दरों में कमी कर छोटे और मध्यम व्यापारियों को राहत दी है। व्यापारी नेता बालकिशन गुप्ता ने कहा कि जीएसटी प्रणाली से टैक्स चोरी कम हुई है और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

### मुख्य वक्ता का संबोधन

**करंट क्राइम।** पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा कि जीएसटी एक ऐसा कर सुधार है जिसने देश के व्यापारिक ढांचे को एकीकृत किया है। मोदी सरकार ने टैक्स दरों में लगातार कमी करते हुए छोटे व्यापारियों से लेकर आम उपभोक्ता तक सभी को राहत दी है। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**भाजपा का दृष्टिकोण :** महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि व्यापार वर्ग देश की आर्थिक रीढ़ है और भाजपा सदैव उनके साथ खड़ी है। यह अभियान न केवल जानकारी का माध्यम है बल्कि व्यापारी समाज के मनोबल को भी बढ़ाने का प्रयास है।

**मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा** कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर प्रणाली को पारदर्शी और जनहितैषी बनाया गया है। जीएसटी में सरलीकरण और राहत मोदी सरकार की व्यापारी हितैषी सोच का प्रमाण है।

**सम्मेलन की विशेषताएँ :** सम्मेलन में व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष टोली सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने अनुभव साझा किए और मोदी सरकार की व्यापारी हितैषी नीतियों की सराहना की।

**प्रमुख उपस्थित :** राजेश त्यागी, महेश अग्रवाल, सरदार एसपी सिंह, सुनील सहलोत, अतुल जैन, बालकिशन गुप्ता, अशोक भारतीय, समीर शर्मा, संजीव गर्ग, अजेंद्र चौधरी, राहुल तोमर, अशोक राव, कुंवर पाल सिंह, पार्षद अमित डबास, पवन गौतम, अमित त्यागी, राजकुमार चौधरी, राजेश चतुवेर्दी, प्रमोद यादव, वर्षा हजेला आदि। कार्यक्रम का संचालन पार्षद मनोज त्यागी ने किया और मीडिया प्रबंधन की जिम्मेदारी प्रदीप चौधरी ने संभाली।

## 9 अक्टूबर की जनसभा के लिए गाजियाबाद बसपा ने की व्यापक तैयारी

### प्रत्येक विधानसभा से 20 बसों और ट्रेनों से जाएंगे कार्यकर्ता

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 9 अक्टूबर को बसपा के संस्थापक कांशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ में होने वाली बसपा की जनसभा के लिए गाजियाबाद जिला और महानगर इकाइयों ने बड़ी तैयारी कर ली है। गाजियाबाद से हजारों कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे। कांशीराम की पुण्यतिथि पर होने वाली जनसभा के जरिए बसपा 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अपना चुनावी शंखनाद करेगी। इसके लिए प्रत्येक जिले से 20,000 कार्यकताओं को लाने का लक्ष्य रखा गया है। गाजियाबाद से भी हजारों कार्यकर्ता लखनऊ पहुंचेंगे। बसपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने करंट क्राइम को बताया कि कार्यकताओं को लखनऊ ले जाने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 20 बसें जाएंगी। कार्यकताओं के जाने का सिलसिला 6 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के ठहरने के लिए रमाबाई अंबेडकर पार्क में व्यापक व्यवस्था की गई है। 9 अक्टूबर को विधानसभा चुनावी शंखनाद के साथ ही बसपा के चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को भी दोबारा लॉन्च किया जाएगा। जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने कहा कि हजारों की संख्या में कार्यकर्ता ट्रेनों के माध्यम से लखनऊ पहुंचेंगे। इसके लिए कार्यकताओं ने टिकट बुक कर लिए हैं। इस रैली के माध्यम से बसपा अपनी खोई हुई ताकत को फिर से हासिल करने में लगी है। जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने कहा कि प्रत्येक जिले से 20 से अधिक बसों के अलावा कार्यकर्ता अपनी कर कर व अन्य माध्यम से लखनऊ पहुंचेंगे। इसके लिए व्यापक जनसंपर्क किया गया। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कार्यकताओं को लखनऊ ले जाने के लिए कमेटियों का गठन किया गया। यह कमेटी प्रत्येक विधानसभा में कार्यकताओं से जनसंपर्क कर उन्हें लखनऊ चलने के लिए प्रेरित किया। बसपा कार्यकर्ता पिछले करीब 6 महीने से इस रैली के लिए तैयारी कर रहे हैं। यह रैली उत्तर प्रदेश के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी रैली होगी।



बसपा के महानगर उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि रैली के जरिए सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय का संदेश दिया जाएगा। रैली को बसपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के अलावा सतीश चंद्र मिश्रा और आकाश आनंद भी संबोधित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि रैली में सर्व समाज के कार्यकर्ता शामिल होंगे बड़ी संख्या में ब्राह्मण और राजपूत समाज के लोग भी रैली में शिरकत करेंगे।

## सड़क बन गई लेकिन नहीं लगाए पोल पटेल नगर सेकंड में छाया घुप्प अंधेरा

### दो महीने बाद पोल के लिए फिर होगी सड़क की खुदाई



**गाजियाबाद। करंट क्राइम।** शहर के बीचोबीच स्थित पटेलनगर सेकंड के निवासी नगर निगम की लापरवाही की मार झेल रहे हैं। वार्ड संख्या–9 के तहत आने वाले पटेल नगर सेकंड की सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है। जिस कारण आए दिन यहां घटनाएं होती रहती है। यहां की छबीलदास रोड का हाल ही में निर्माण किया गया। करीब लगभग दो करोड़ रुपए से सडक की मरम्मत की गई। सड़क के दोनों तरफ एक–एक मीटर तक सड़क की चौड़ाई बढ़ाई गई है। लेकिन सड़क निर्माण के दौरान नगर निगम ने पर्याप्त संख्या में लाइट के पोल नहीं लगाए हैं। जो पोल हैं, वे सड़क से काफी दूर है जिसके कारण पूरी सड़क पर अंधेरा छाया रहता है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पंकज शर्मा ने कहा कि नगर निगम को बार–बार कहने के बावजूद भी पोल नहीं लगाए जा रहे हैं। सड़क निर्माण कार्य कराया लगभग पूरा हो गया है जबकि इस सड़क पर सड़क के साथ–साथ पोल लगाकर लाइट लगवाने की बेहद आवश्यकता है। वार्ता करने पर बताया गया कि धन उपलब्ध होने के बाद यह कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि लगभग 1 किलोमीटर लंबी सड़क पर 2 करोड़ रुपए निर्माण कार्य में खर्च हो रहे हैं। इस सड़क पर लगभग 25 से 30 पोल की आवश्यकता है। सड़क निर्माण होने के बाद इस कार्य को कराए जाने की स्थिति में दोबारा सड़क को खोदा जाएगा। नगर निगम जनता के टैक्स के पैसे से बनी हुई सड़क को खोद कर जनता के ही पैसे का नुकसान कराएगा। उन्होंने कहा कि यहां नगर निगम की प्लानिंग पर सवाल खड़े होते हैं। यह कैसा कार्य है जिसमें दो या तीन महीने बाद आवश्यक रूप से पोल और केबल डालने के लिए खुदाई की आवश्यकता पड़ेगी।